E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
04 नवम्बर, 2026
बुधवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 112 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

राहुल बोले- मोदी जी देश विरोधी कौन, बहस कीजिए, जगह व जज आप चुनिए

शाह बोले- किसी भी मुद्दे पर बहस करने के लिए तैयार, आप संसद चलने दीजिए

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने फिर पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर 1.50 मिनट के वीडियो में कहा, '24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ।' राहुल ने कहा- देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, US डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडाणी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन - ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिस पर खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। उधर, गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, संसद चलने दो। हम विशेष सत्र बुलाकर SIR पर चर्चा के लिए तैयार हैं।'



राहुल बोले- मुझ पर मानहानि के 45 केस

राहुल ने कहा, 'बाकी चीजों पे आपने डिफेमेशन केस लगा रखा है, शायद 45 डिफेमेशन केस मेरे ऊपर हैं। मगर इस डिबेट मामले पर, फॉरेन कनेक्शन पर आप डिफमेशन नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी डिस्कस करेंगे, खुल के। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी।'

शाह ने कहा- सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार

गृह मंत्री अशाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कहा कि राहुल गांधी ने नकली संसद बनाकर असली संसद का मखौल उड़ाया। चर्चा का नाटक किया। हिम्मत है तो संसद में देश की जनता के सामने चर्चा करके दिखाइए। हाथ में संविधान लेकर घूमने से संविधान का समर्थन नहीं होगा।

राहुल ने सोशल मीडिया पर करवाई वोटिंग

वीडियो पोस्ट करने के बाद राहुल ने एक पोल शुरू किया है। इसमें उन्होंने भारत के युवाओं, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज चौहान, योगी आदित्यनाथ को टैग किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है कि आप हमेशा प्रधानमंत्री की भलाई के बारे में सोचते हैं, कृपया उन्हें आने के लिए मनाएं।

वित्त मंत्री बोलीं- बहस के लिए जगह तय है

राहुल के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने X पर लिखा- आप प्रधानमंत्री से बहस की जगह तय करने को कहते हैं, जबकि बहस के लिए संसद की जगह तय है, जहां आप खुद विपक्ष के नेता हैं। उन्होंने कहा कि कल ही गृह मंत्री अमित शाह ने SIR और EVM पर बहस के लिए विशेष सत्र का प्रस्ताव दिया है। सोशल मीडिया पर चुनौती देते समय आप जितना जोश दिखाते हैं, वही जोश संसद में बहस के लिए क्यों नहीं दिखाते?

ब्रीफ न्यूज

SBI का मुनाफा 14% बढ़कर 23,038 करोड़

मुंबई। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक SBI को सितंबर तिमाही में ₹23,038 करोड़ का मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल इसी समय के मुकाबले करीब 14% ज्यादा है। उस तिमाही में बैंक को ₹20,160 करोड़ का मुनाफा हुआ था। बैंक की मुख्य कमाई लोगों को दिए गए कर्ज पर मिलने वाले ब्याज से होती है। इसे NII यानी नेट इंटरेस्ट इनकम कहते हैं। इस तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम बढ़कर ₹49,142 करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें पिछले साल के मुकाबले करीब 15% की बढ़त दर्ज की गई है। पिछले साल यह करीब ₹42,847 करोड़ थी।

भारत ने पहली बार एक लॉन्चर से 2 मिसाइलें दागीं

नई दिल्ली। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले 2km के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं।

» अंदर विशेष

▪ बिजली का तार ठीक कर रहा युवक स्टूल से गिरा, मौत हुई ...पढ़े पेज 2 पर

▪ मुख्यमंत्री आरोपों के सबूत दें या माफी मांगें: अशोक गहलोत ...पढ़े पेज 3 पर

CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट बोला- 1 जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते: प्रदर्शन एक का नहीं, सबका अधिकार है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा आप हमेशा के लिए किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच दिल्ली में अक्टूबर में हुए CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, लोगों की हिरासत, निगरानी (सर्विलांस), प्रदर्शन स्थलों और कारोबारियों को हुए नुकसान से जुड़े मामले शामिल हैं।



सुप्रीम कोर्ट में इन 9 मामलों पर एक साथ सुनवाई

1. मेट्रो और ट्रेन सेवाएं बंद करने का मामला: प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में मेट्रो स्टेशन बंद करने और दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनों पर पाबंदियां लगाने के फैसले को चुनौती दी गई है।

2. सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला: आरोप है कि अधिकारियों ने 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के मेट्रो और ट्रेन सेवाएं पूरी तरह बंद नहीं करने के निर्देश का पालन नहीं किया। इस मामले में कोर्ट के आदेश की अवमानना का मुद्दा उठाया गया है।

3. प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने का मामला: 10 अक्टूबर को प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई और हिरासत की कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

4. वकीलों के साथ मारपीट: प्रदर्शन के दौरान वकीलों को हिरासत में लेने और पुलिस स्टेशन के अंदर उनके साथ मारपीट किए जाने के आरोपों से जुड़ी याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी।

5. जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति: याचिकाकर्ताओं ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के फैसले को चुनौती दी है। उनकी मांग है कि वहां दोबारा प्रदर्शन की अनुमति दी जाए।

6. धारा 163 के तहत लगाई गई पाबंदियां: दिल्ली में प्रदर्शन रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने इन पाबंदियों के आधार और उन्हें लागू करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने संबंधित आदेशों की प्रतियां पेश करने को कहा है।

7. रास्ते बंद करने और आवाजाही रोकने का मामला: प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर बैरिकेडिंग करने, लोगों की आवाजाही रोकने और पुलिस की ओर से लगाई गई पाबंदियों को भी चुनौती दी गई है।


8. पहले दिए गए अदालती आदेशों के पालन का मामला: 11 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में नहीं लेने और मेट्रो, ट्रेन और इंटरनेट सेवाएं सामान्य रखने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा।

9. कारोबारियों के नुकसान पर: व्यापारियों ने दिल्ली में होने वाले प्रदर्शनों के लिए रोकने के लिए याचिका लगाई है। इनका आरोप है कि इससे उन्हें करोड़ों का नुकसान होता है।

सुनवाई के दौरान दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। त्योहारों के सीजन में दुकानें बंद रहीं और बिक्री घट गई। उन्होंने दावा किया कि कारोबारियों को करीब 2,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अगर त्योहारों के सीजन में बिक्री नहीं होगी तो व्यापारियों और उनसे जुड़े लोगों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कोर्ट से अगले दो महीने तक किसी भी तरह के प्रदर्शन या धरने पर रोक लगाने की मांग की।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली पुलिस की ओर से कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए सिर्फ एक दिन की अनुमति दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक वहां बैठे रहे। मेहता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति संसद की ओर मार्च भी किया। संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है। बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि जो संगठन बंद या प्रदर्शन का आह्वान करता है, उसे उसके परिणामों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। सुनवाई में सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने करीब 7 हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने का मुद्दा उठाया।

नेपाल में लैंडिंग के दौरान 2 हेलिकॉप्टर टकराए: भारतीय पर्यटक की मौत



सोलुखुम्बु। नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक फिशटेल एयर के हेलिकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई है। इसी हेलिकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल घायल हुए हैं। वे भारतीय मूल के हैं। नेपाल में पहाड़-घाटियां, बदलता मौसम, जोखिम भरे रनवे विमान या हेलिकॉप्टर हादसे की मुख्य वजह हैं।

यूपी: मंत्री राजभर बोले- मैं देश का सबसे बड़ा गुंडा:

अखिलेश ने धीरेंद्र शास्त्री का वीडियो शेयर कर लिखा- अब सच्चे सनातनी इनकी पर्ची लिखेंगे

लखनऊ। यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। बांदा में यूपी सरकार के मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि देश में मुझसे बड़ा गुंडा कौन है? मेरे यहां ब्रजेश सिंह, मुख्तार अंसारी और धनंजय सिंह जैसे लोग दरबार लगाते रहे। मुझसे बड़ा गुंडा कौन होगा?

राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश से PDA में 'D' का मतलब पूछ लिया। कहा- P का मतलब पंडित या पिछड़ा, D का मतलब डिंपल या दलित और A का मतलब अगड़ा, अग्रहरि या अल्पसंख्यक है। पहले अखिलेश को इसका सही मतलब बताना चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- "ये सनातन विरोधी किसके कहने पर सक्रिय है। पहले भगवान कृष्ण के बारे में और अब रामजी के पिता के बारे अभद्रता की बात हो रही। इसके राजनीतिक आकाओं को ये सब मंजूर होगा, हमें अंश मात्र भी स्वीकार्य नहीं है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के अपराध में इसके सभी कार्यक्रम रद्द किये जाएं।

मंगलवार रात 10:30 बजे ट्रेन गुजरने के तुरंत बाद हुआ धमाका, सीमेंट स्लीपरों के उड़े परखच्चे

अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर जोरदार धमाका, ट्रेन को उड़ाने की साजिश नाकाम, यात्री सुरक्षित

थिंक राजस्थान • जयपुर

श्रीगंगानगर जिले में असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा भारतीय रेलवे को दहलाने की बड़ी साजिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार की देर रात अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर बिछाए गए शक्तिशाली विस्फोटक में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण इलाकों में सनसनी फैल गई। गनीमत यह रही कि जिस ट्रेन को निशाना बनाने की साजिश रची गई थी, वह कुछ ही मिनट पहले उस ट्रैक से सुरक्षित निकल चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, रेलवे सुरक्षा बल और उच्चस्तरीय सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं।



मंगलवार रात करीब 10:30 बजे अनूपगढ़ से सूरतगढ़/बठिंडा की ओर जाने वाली ट्रेन ट्रैक से गुजरी थी। उसके आगे निकलते ही गांव 50 जीबी के नजदीक ट्रैक के बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाका इतना जबरदस्त था कि रेलवे पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो से तीन स्लीपर पिलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। विस्फोट के प्रभाव से सीमेंट पूरी तरह टूटकर बिखर गया और पिलर के अंदर लगा लोहे का सरिया तक बाहर निकल आया। इसके साथ ही रेलवे लाइन को जकड़ कर रखने वाले मजबूत क्लिपर भी झटके से उखड़कर पटरी से अलग हो गए। शुरुआती जांच से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि साजिशकर्ताओं का मकसद ट्रेन के गुजरते वक्त पटरी को उड़ाकर उसे बेपटरी करने का था, ताकि जान-माल का भारी नुकसान हो सके। यदि यह विस्फोट ट्रेन के ठीक नीचे होता, तो बोगियां असंतुलित होकर पलट सकती थीं और भयानक त्रासदी घटित हो सकती थी।

एसपी मौके पर पहुंचे, एटीएस और एफएसएल ने संभाला जांच का मोर्चा

रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट की खबर मिलते ही श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर यादव भारी पुलिस जाब्ते के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य की आतंकवाद निरोधी दस्ता (ATS) और विधि विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) की विशेष टीमों को तलब किया गया। एफएसएल की टीम ने विस्फोट स्थल की घेराबंदी कर वहां से बारूद, धातु के टुकड़े, केमिकल अवशेष और मिट्टी के नमूने एकत्र किए हैं।

दूसरे राज्यों की कारों से वैध-अधिसूचना बिना टैक्स वसूलना गलत: हाईकोर्ट ने कहा- परिवहन विभाग की कार्रवाई अवैध

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने दूसरे राज्यों की प्राइवेट कार-जीप (गैर-परिवहन) के राजस्थान में 30 दिन से ज्यादा संचालन पर परिवहन विभाग की कार्रवाई को अवैध करार दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि परिवहन विभाग बिना वैध अधिसूचना के दूसरे राज्यों की गैर परिवहन गाड़ियों पर टैक्स वसूलने की कार्रवाई नहीं कर सकता। कोर्ट ने यह आदेश हार्पी कोर नेटवर्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और अन्य की याचिकाओं को सोमवार को निस्तारित करते हुए दिए। बेंच ने कहा- याचिकाकर्ता से वसूले गए टैक्स को 30 दिन में परिवहन विभाग वापस करे। वहीं जब्त गाड़ियों को तुरंत रिलीज करें।

इस मामले में कई वाहन मालिकों ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। इन वाहन मालिकों की निजी कारें राजस्थान के बाहर के राज्यों में रजिस्टर्ड थीं। इनमें हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के वाहन शामिल थे। इन वाहनों का संबंधित राज्यों में रजिस्ट्रेशन था और उन पर लाइफटाइम टैक्स भी जमा किया जा चुका था। जब ये वाहन राजस्थान में चल रहे थे, तब परिवहन विभाग की उड़नदस्ते की टीम ने कई वाहनों को चेकिंग के दौरान रोककर कार्रवाई की थी। परिवहन विभाग का कहना था कि दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड निजी वाहन राजस्थान में 30 दिन से अधिक समय तक रखे जा रहे हैं। ऐसे वाहन मालिकों ने राजस्थान में निर्धारित रोड टैक्स जमा नहीं किया। इसलिए राजस्थान मोटर वाहन कराधान अधिनियम-1951 के तहत इन वाहनों पर टैक्स ड्यू है।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में कार्रवाई को चुनौती देते हुए कहा- जब वाहन का रजिस्ट्रेशन और लाइफटाइम टैक्स दूसरे राज्य में पहले ही जमा है तो राजस्थान में इस तरह एकमुश्त टैक्स की मांग करने का कोई वैधानिक आधार नहीं है। वहीं संविधान के अनुच्छेद 265 के अनुसार- किसी भी व्यक्ति से टैक्स तभी वसूला जा सकता है, जब उसके लिए कानून में वैध प्रावधान हो। इसलिए परिवहन विभाग केवल अपने प्रशासनिक आदेश या अधिसूचना की व्याख्या करके टैक्स नहीं वसूल सकता है।



सरकार ने कहा- कानून के अनुसार कार्रवाई की

सरकार ने कहा- दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड निजी वाहन राजस्थान में 30 दिन से अधिक समय तक उपयोग किए जा रहे थे। नियम 28 के अनुसार- यदि वाहन 30 दिन से अधिक राजस्थान में रहता है तो उस पर टैक्स देय हो जाता है। राजस्थान सरकार ने 10 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी की थी। इसमें गैर-परिवहन वाहनों पर एकमुश्त टैक्स की दरें निर्धारित की गई थीं। अधिसूचना में पहले से दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड वाहनों का भी उल्लेख है।

भारत में एपल की रिकॉर्ड कमाई

CEO जॉन टर्नस बोले- देश में आईफोन और मैक की डिमांड ऑल-टाइम हाई

नई दिल्ली। ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में मंदी और सप्लाई की चुनौतियों के बावजूद एपल ने सितंबर तिमाही में भारत में अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू हासिल किया है। कंपनी के CEO जॉन टर्नस ने अर्निंग्स कॉल में इसकी जानकारी दी। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि रेवेन्यू कितना रहा है। लेकिन ग्लोबल रेवेन्यू बढ़कर 114.5 अरब डॉलर यानी करीब 10.80 लाख करोड़ रुपए हो गया। ये पिछले साल की इसी तिमाही के 102.5 अरब डॉलर के मुकाबले लगभग 12% ज्यादा है। वहीं, पूरे साल में एपल ने रिकॉर्ड 479 अरब डॉलर यानी करीब ₹45 लाख करोड़ का रेवेन्यू हासिल किया है, जो पिछले साल 416 अरब डॉलर था।

एपल की सितंबर तिमाही की कमाई का हिसाब

प्रोडक्ट/सेगमेंट	रेवेन्यू	हिस्सेदारी (%)
आईफोन	$57.6B	50.3%
सर्विसेज	$31.6B	27.6%
मैक	$10.8B	9.4%
वियरेबल	$8.3B	7.3%
आईपैड	$6.2B	5.4%
कुल	$114.5B	100%

आईफोन अपग्रेड की वजह से भारत में रिकॉर्ड रेवेन्यू

भारत में इस ग्रोथ का सबसे बड़ा कारण आईफोन का प्रदर्शन रहा। खास तौर पर उन यूजर्स की संख्या बहुत ज्यादा रही जिन्होंने अपने पुराने आईफोन को नए मॉडल से अपग्रेड किया। इसके अलावा मैक कंप्यूटर्स और सर्विसेज बिजनेस ने भी भारत में ग्रोथ को मजबूती दी। टर्नस ने भारत को कंपनी के ग्लोबल बिजनेस के लिए एक अहम ग्रोथ इंजन बताया है। नो-कॉस्ट EMI और आसान लोन से महंगी डिवाइसेस बजट में आ रही हैं। पुराने फोनों पर वैल्यू मिलना। 'मेड इन इंडिया' से सप्लाई और उपलब्धता में तेजी आना। टियर-2 और टियर-3 शहरों तक स्टोर्स और रीसेलर्स की पहुंच बढ़ना।

जयपुर में बस्तियों में सफाई रखने पर 201 महिलाओं का सम्मानः RANA

न्यूयॉर्क का स्वच्छता अभियान 6 नवंबर तक; उपमहापौर ने किया सम्मान





थिंक राजस्थान • जयपुर

घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) न्यूयॉर्क ने जयपुर में घुमंतू जाति बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत बस्तियों के घरों और आसपास की बस्तियों की सफाई रखने वाली 201 महिलाओं को घुमंतू जाति स्वच्छता पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जयपुर महानगर में मंगलवार को गालव भाग के तहत जयसिंहपुरा खोर दिल्ली रोड स्थित थाने के पीछे घुमंतू बस्ती में यह कार्यक्रम हुआ। दोनों संस्थानों की ओर से दीपावली से पहले जयपुर की बस्तियों में यह अभियान चंद्रा और केके मेहता फैमिली फाउंडेशन न्यूयॉर्क (अमेरिका) सहित डॉ. राज बंसल, डॉ. समीन शर्मा और डॉ. रोहित डांडिया के सहयोग से चलाया रहा है। न्यास के सहप्रांत संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया- कार्यक्रम में जयपुर की उपमहापौर सरोज कंवर का पार्षद सीमा पारीक ने स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया- कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि व होटल व्यवसायी निक्की कुमार शर्मा, नागर अग्रवाल मौजिका, सुरेश पारीक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि उपमहापौर सरोज कंवर सोडाला ने कहा- दीपावली से पहले चलाए गए स्वच्छता अभियान के अंतर्गत घर और आसपास की बस्ती को स्वच्छ रखने वाले घुमंतू समुदाय के परिवारों का चयन कर RANA और केके मेहता फैमिली फाउंडेशन न्यूयॉर्क ने स्वच्छता पुरस्कार दिए। उन्होंने कहा- घुमंतू जाति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर की सभी घुमंतू बस्तियों की महिलाओं के उत्थान व विकास के लिए भी सहयोग दिया जाएगा। न्यास के कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया- दीपावली से पहले गालव भाग के संयोजक ओम श्रीमाल और उनकी टोली ने घुमंतू बस्तियों का सर्वे किया। सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों का चयन किया, जिन्होंने घर के साथ-साथ आसपास की बस्ती को भी साफ रखा है। कार्यक्रम का मंच संचालन घुमंतू कार्य के पूर्णकालिक कार्यकर्ता महेंद्र ज्योतिषी ने किया। इस अवसर पर सुरेश रावत, गोविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

न्यास के सहप्रांत संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया- राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) न्यूयॉर्क के अध्यक्ष प्रेम भंडारी पिछले साल अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जयपुर की घुमंतू बस्ती में निर्मित मंदिर के उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से अमेरिका से आए थे। उस अवसर पर उन्होंने घुमंतू समाज के उत्थान के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं। इसमें प्रेम भंडारी ने घोषणा की थी कि आर्थिक अभाव के कारण घुमंतू समाज का कोई भी मेधावी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। ऐसे विद्यार्थियों की फीस की व्यवस्था RANA संगठन करेगा। इसके तहत 11 अक्टूबर को RANA ने घुमंतू समुदाय के होनहार छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा व छात्रवृत्ति के लिए 51 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। वहीं भंडारी ने घुमंतू बस्तियों में स्वच्छता की कमी और जागरूकता व संसाधनों के अभाव के कारण होने वाली समस्याओं पर चिंता जताई थी। इसके तहत दीपावली से पहले विभिन्न घुमंतू बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं स्वच्छ घर और स्वच्छ आसपास रखने वाले परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है।

6 नवंबर तक कार्यक्रम

अभियान के तहत कुल 201 महिलाओं को स्वच्छता पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसमें 4 नवंबर को मानसरोवर भाग में संयोजक किशन बंशीवाल, 5 नवंबर को मानसरोवर भाग में संयोजक चेतन कौशिक और 6 नवंबर को विद्याधर भाग में संयोजक दिनेश कौशिक के तहत कार्यक्रम होंगे।

ब्रीफ न्यूज

सरपंच प्रत्याशी के पति चार दिन से भूख हड़ताल पर



थिंक राजस्थान • जालोर

उम्मेदाबाद क्षेत्र की आलासन ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव की मतगणना में गड़बड़ी के आरोप को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सरपंच प्रत्याशी प्रकाश कंवर के पति करण सिंह की भूख हड़ताल मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रही। वे जालोर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठे हैं। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी धरने में शामिल हो रहे हैं। मंगलवार शाम को करणी सेना के जोधपुर संभाग अध्यक्ष मुलसिंह बिसलपुर सहित संगठन के अन्य सदस्य धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। करण सिंह का आरोप है कि सरपंच चुनाव में उनकी पत्नी प्रकाश कंवर और रकमा देवी पत्नी जोगसिंह के बीच मुकाबला था। मतगणना के दौरान रात करीब 2 बजे रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) ने प्रकाश कंवर को 2 वोट से विजयी घोषित किया था। इसके बाद पुलिस उन्हें घर ले जाने पहुंची, लेकिन इसी दौरान रकमा देवी की ओर से दोबारा मतगणना करवाने की मांग की गई।

मंदिर में महिला श्रद्धालुओं से छेड़छाड़:आरोपी युवक गिरफ्तार;

थिंक राजस्थान • जालोर

जालोर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सुंधा माता मंदिर में दर्शन के लिए आने वाली महिला श्रद्धालुओं और युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद जसवंतपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में सुंधा माता मंदिर की सीढ़ियों पर कुछ युवक महिला श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार करते और उन्हें परेशान करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में युवक महिलाओं के पीछे दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान महिलाएं डरकर चिल्लाती हुई उनसे बचने के लिए भागती नजर आ रही हैं। जसवंतपुरा थाना प्रभारी डिम्पल सिंह ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जसवंतपुरा निवासी नरपत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अपलोड वीडियो डिलीट करवाए गए हैं।

अतिक्रमण कर बनाया दो मंजिला मकान ध्वस्तः कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई, सुबह साढ़े पांच बजे पहुंची टीम, दोपहर तक मकान ध्वस्त

थिंक राजस्थान • पाली

पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र स्थित सरदार पटेल नगर में मंगलवार सुबह प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। रास्ते की जमीन पर बने करीब 40 साल पुराने दो मंजिला मकान को कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त किया गया। प्रशासन और नगर निगम की टीम सुबह करीब 5 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान में रह रहे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद निगम की टीम ने मकान में रखा सामान खाली करवाया और सुबह 7:54 बजे जेसीबी की मदद से मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। मौके पर एसडीएम विमलेंद्र सिंह राणावत, एएसपी ओमप्रकाश चौधरी, सीओ सिटी मंगलेश चुंडावत और नगर निगम आयुक्त सहित पुलिस व निगम का भारी जाब्ता तैनात रहा। एहतियात के तौर पर मकान के दोनों तरफ के रास्ते भी बंद कर दिए गए।

दरअसल, 27 अक्टूबर को फैक्ट्री से स्कूटी पर घर जा रहे 43 वर्षीय बिजनेसमैन सुशील डागा पर हर्षित मेवाड़ा सहित कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया था। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण को लेकर सुशील डागा ने अतिक्रमण करने वाले भिखाराम मेवाड़ा के खिलाफ कोर्ट में मामला दायर किया था। सुशील डागा पर हुए हमले के मामले में 28 अक्टूबर को श्री संघ सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र भारद्वाज और एसपी मोनिका सैन से मिले थे।



एक साल पहले भी पहुंची टीम, विरोध के बाद लौटी

उन्होंने कोर्ट के आदेश की पालना करवाते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इसके बाद पुलिस और प्रशासन फिर सक्रिय हुआ और मंगलवार को कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, करीब एक साल पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिवार के विरोध के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इस बार कोर्ट के आदेश पर पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में मकान ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

बिजली का तार ठीक कर रहा युवक स्टूल से गिरा, मौत हुई

थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही के रामपुरा गांव में घर में बिजली के तार ठीक करते समय 5 फीट ऊंचे स्टील स्टूल से गिरने पर युवक की मौत हो गई। हादसे में घायल अर्जुन कुमार (19) को परिजन सिरोही के सरकारी अस्पताल स्थित ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार अर्जुन कुमार पुत्र गमनाराम प्रजापत घर में बिजली के तार ठीक कर रहा था। इसके लिए वह करीब 5 फीट ऊंचे स्टील स्टूल पर चढ़ा हुआ था।

इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन अर्जुन को तुरंत सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उसकी जांच की, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सिरोही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

स्केटिंगः 51 खिलाड़ियों ने जीते मेडल

थिंक राजस्थान • सिरोही

पाली जिला रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में छठी जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बांगड़ कॉलेज स्थित स्केटिंग रिंक में किया गया। जिले के 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पाली जिला स्केटिंग संघ के सचिव मोहम्मद हाशमी जियाई ने बताया कि इसमें 51 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 38 ने रजत तथा 21 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में तरुण शर्मा, इमरान खान, अब्दुल रऊफ, इलियास गौरी और तनीषा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने कांटल स्कूल का निरीक्षण किया

थिंक राजस्थान • सिरोही

पिंडवाड़ा के पास ग्राम पंचायत कांटल के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोकपाल सिंह मीणा और सरपंच प्रतिनिधि भवानी सिंह इंदा ने निरीक्षण किया। उन्होंने पोषाहार और पढ़ाई की व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान दोनों ने विद्यार्थियों के साथ कतार में बैठकर भोजन किया। उन्होंने बच्चों से बात कर स्कूल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने स्कूल के पीछे बने खेल मैदान का जायजा लिया। मैदान में झाड़ियां और घास उगी थी। उन्होंने जल्द सफाई कराकर मैदान को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मैदान तैयार कराने के लिए शिक्षा विभाग ग्राम पंचायत को हरसंभव मदद देगा। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल की विजिट बुक में अपने विचार लिखे।

'पिंक टैक्स' पर जिटेल कंपनी को नोटिस

थिंक राजस्थान • जयपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कोटा ने महिलाओं के उत्पादों पर अनुचित और अत्यधिक मूल्य (पिंक टैक्स) वसूलने के एक गंभीर मामले में संज्ञान लेते हुए जिलेट इंडिया लिमिटेड (Gillette India Limited) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) सहित प्रमुख उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध औपचारिक रूप से नोटिस जारी किए हैं। यह परिवाद राजस्थान हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्र मोहन सिंह के माध्यम से और सामाजिक मुद्दों पर मुखर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. क्षिप्रा माथुर ने पेश किया।

परिवादिनी डॉ. क्षिप्रा माथुर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 35 के अंतर्गत यह परिवाद दायर किया है। परिवाद में बताया गया है कि उन्होंने हाल ही में कोटा स्थित बिक्री केंद्र से जिलेट कंपनी के दो शेविंग रेजर क्रय किए थे—एक पुरुषों के उपयोग के लिए और दूसरा महिलाओं के लिए विशेष रूप से विपणन किया जाने वाला रेजर।

जांच और उपयोग के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि दोनों ही रेजर तकनीकी रूप से बिल्कुल समान कार्य करते हैं (अर्थात शरीर के अनचाहे बालों को हटाना और त्वचा को साफ रखना)। इसके बावजूद, कंपनी द्वारा महिलाओं के लिए बनाए जाने वाले रेजर पर केवल गुलाबी (Pink) रंग का प्लास्टिक/कोटिंग कर और उसे "महिलाओं के लिए" कहकर पुरुषों के मुकाबले लगभग 4 से 5-6 गुना अधिक कीमत पर बेच रही हैं। 'पिंक टैक्स' जेंडर भेद का बड़ा मुद्दा है जिस पर नीतिगत फैसले लेने की जरूरत है।

उपभोक्ता अधिकारों का हनन और 'पिंक टैक्स' का विरोधः अधिवक्ता इंद्र मोहन सिंह ने बताया कि केवल रंग बदलकर और मार्केटिंग की आड़ में एक ही कार्य करने वाले उत्पाद के लिए महिलाओं से कई गुना अधिक मूल्य वसूलना विशुद्ध रूप से 'पिंक टैक्स' (Pink Tax) की श्रेणी में आता है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत भ्रामक विज्ञापन और 'अनुचित व्यापार व्यवहार' (Unfair Trade Practices) का स्पष्ट उल्लंघन है। एक ही प्रकार की कार्यक्षमता वाले उत्पाद के लिए केवल लिंग के आधार पर अतिरिक्त मूल्य वसूलना न केवल महिलाओं के साथ आर्थिक धोखाधड़ी है, बल्कि यह लैंगिक भेदभाव और संविधान के समानता के सिद्धांतों के भी विपरीत है।

न्यायालय का रुख और अगली सुनवाईः मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उपभोक्ता आयोग, कोटा ने प्रकरण संख्या 22/2026 पर सुनवाई करते हुए जिलेट इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक व सीईओ श्री कुमार वेंकटसुब्रमणियन, चेयरपर्सन सुश्री अंजुली चिब दुग्गल और निदेशक श्री संजय अशर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयोग ने नियत तिथि 16/12/2026 पर पक्षकारों को मय संबंधित रिकॉर्ड के उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

सीएम का गहलोत पर निशाना- आप किसानों को लूटते थे, खाद-बीज की दुकान में नकली माल बेचते थे, जो कहेंगे उसका पूरा जवाब दूंगा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा- आपकी खाद-बीज की दुकान थी, किसानों को लूटते थे। मैं ब्रजवासी हूं, आप जो कहेंगे, उसका पूरा जवाब दूंगा और इसमें कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

सीएम ने कहा- आप परिवार, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। परिवारवाद की राजनीति जब तक कांग्रेस करेगी और भी हश्र होने वाला है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को जोधपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए। इसके बाद सभा को संबोधित किया।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में कहा था कि मैंने सरकार बनने पर सीएम भजनलाल शर्मा को सलाह दी थी कि रिश्तेदारों को सत्ता से दूर रखें। गहलोत ने आरोप लगाया था कि सीएम के रिश्तेदार प्रमोद शर्मा पुलिस रिकॉर्ड में फरार होने के बाद भी खुलेआम घूम रहे हैं और नई सरकार के शपथ लेते ही उनके पुराने केस बंद करवा दिए गए। अब सीएम का यह बयान गहलोत के इसी आरोप का सीधा जवाब माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर तंज कसते हुए कहा- मुझसे अशोक गहलोत का बहुत अच्छा प्रेम है। कांग्रेस में उनकी चल नहीं रही है। सीएम ने कहा- मैं किसान का बेटा हूं और आप जादूगर के बेटे हैं। आपने किसानों को लूटने का काम किया है। आपकी खाद-बीज की दुकान थी। पहले भी किसानों को लूटते थे, आज भी किसानों को लूटने की बात करते हो। आपके उस गोदाम पर छापा भी पड़ा था। आप नकली माल के पैसे लेकर कई गुना कमाते थे।

आप जैसा सुनना चाहते हो, मैं सुनाने को तैयार हूं

सीएम ने कहा- उस समय की किसानों ने पर्ची भी रखी हुई है। आप किस तरह से बिल काटते थे। आपके भाई क्या करते थे, आप क्या बनना चाहते हो। क्या मुझसे सुनना चाहते हो। आप जैसा सुनना चाहते हो, मैं सुनाने को तैयार हूं। मुख्यमंत्री ने कहा- आपका ओएसडी क्या कहता है। आपने विरोधी के साथ क्या किया था। आप उन्हीं से सुन लीजिए। आपने RPSC में पैसे लेकर किसे सदस्य बनाया था और बाद में उसने क्या गुल खिलाए थे। वो भी आप जानते हो। आपके पीएसओ को जेल में क्यों जाना पड़ रहा है।

भजन गायिका सुमन चौहान का स्टूडियो जला

थिंक राजस्थान • पाली

जेतपुर थाना क्षेत्र के भांवरी गांव में रहने वाली भजन गायिका सुमन चौहान के घर में मंगलवार सुबह आग लग गई। हादसे में घर के बाहर की तरफ बना स्टूडियो और एक कमरे का सामान जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। पीड़ित पक्ष ने अज्ञात लोगों द्वारा घर में आग लगाने का आरोप लगाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, रोहट क्षेत्र के भांवरी गांव में रहने वाली भजन गायिका सुमन चौहान के घर में मंगलवार सुबह करीब चार बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। हादसे में घर के बाहर की तरफ बने स्टूडियो और एक कमरे में रखा सारा सामान जल गया।

चितलवाना में गलत जगह वोट डलवाने से हंगामा, तीन पीढ़ियां एक साथ पहुंची



थिंक राजस्थान • जालोर

जालोर में पंचायत चुनावों को लेकर तीसरे चरण में जिले की 4 पंचायत समितियों सांचौर, चितलवाना, सरवाना और भादरूणा पंचायत में वोटिंग हुई। 4 पंचायत समितियों में 66.73 प्रतिशत मतदान हुआ हैं। इस बार चुनाव में चार पंचायत के 3 लाख 2 हजार 705 मतदाता अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 1 लाख 42 हजार 668 महिला मतदाता, 1 लाख 60 हजार 35 पुरूष मतदाता हैं। इसमें 2 थर्ड जेंडर भी हैं। इसके बाद 5 नवंबर को सरपंच और वार्ड पंच के लिए चुनाव होंगे। चितलवाना में 3 पीढ़ी से एक साथ मतदान केंन्द्र पर मतदान किया। ईशरा राम भादू अपने पुत्र लादू भादू एवं पौत्र कैलाश चंद भादू और बहु के साथ सवेरे सात बजे मतदान केंद्र पर पहुंचे।

मुख्यमंत्री आरोपों के सबूत दें या माफी मांगें: अनंता रिसॉर्ट को विशेष पैकेज देने में आपकी क्या भूमिका है?: गहलोत

डोटासरा बोले- जवाब तथ्यों से देना चाहिए, व्यक्तिगत आरोपों से नहीं

थिंक राजस्थान • जयपुर

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आरोपों पर पलटवार करते हुए आरोपों के सबूत सामने रखने के लिए कहा। गहलोत ने कहा- सीएम सबूत दें, अन्यथा 24 घंटे में मुख्यमंत्री भजनलाल माफी मांगें। सीएम भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में मंगलवार को गहलोत पर किसानों को लूटने, नकली खाद-बीज बेचने सहित कई आरोप लगाए थे। गहलोत ने सीएम के आरोपों पर पलटवार करते हुए IAS शिखर अग्रवाल मामले में जवाब नहीं देने पर सवाल उठाते हुए कमेंट किए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा- जोधपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिना तथ्यों के जो अनर्गल बातें कही हैं। उनसे मेरे मन को पीड़ा पहुंची है। उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर मेरे बारे में एकदम झूठे आरोप लगाकर जो कपोल-कल्पित कहानी प्रचारित की है। मुझे आशा है कि उसका पूरा विवरण, तथ्यों और दस्तावेज सहित वे मुझे भी देंगे और प्रदेश की जनता के सामने भी रखें, अन्यथा 24 घंटे में माफी मांगें। गहलोते ने लिखा- ऐसा लगता है कि अपराधबोध से ग्रसित होकर मुख्यमंत्री बौखला गए और भाषा की मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ गए। इस प्रकार उन्होंने इन आरोपों से ध्यान भटकाने के लिए जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास किया है।



शिखर अग्रवाल मामले में सच्चाई सामने रखें सीएम

गहलोत ने लिखा- मैं तो उम्मीद कर रहा था कि लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुरूप मुख्यमंत्री के एसीएस रहे IAS शिखर अग्रवाल पर विला खरीद को लेकर वे खुद मीडिया में सार्वजनिक रूप से लग रहे मिलीभगत के आरोपों पर सच्चाई जनता को बताएंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री की संदिग्ध भूमिका को लेकर असलियत प्रदेश की जनता को बताएंगे, क्योंकि अनंता कंपनी को विशेष छूट देने का फैसला जिस बोर्ड की बैठक में हुआ, उसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री खुद हैं।

▪ **एसीबी के बजाय सीबीआई को सौंपे जांच:** गहलोत ने लिखा- मुख्यमंत्रीजी, सवाल अब भी वही है। आखिर इस मामले की जांच आप अपने अधीन एजेंसी एसीबी की बजाय केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को क्यों नहीं सौंप रहे?

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर लिखा- मुख्यमंत्री भजनलाल जी, जब आपकी सरकार, आपके मुख्यमंत्री कार्यालय और उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों पर सवाल उठ रहे हों, तो स्वाभाविक रूप से जवाबदेही भी आपकी बनती है। यह अच्छी बात है कि आरोपों के बाद कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। लेकिन सवाल यह भी है कि इस कार्रवाई का अंतिम परिणाम क्या होगा और क्या वास्तव में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होकर जिम्मेदारी तय होगी? लेकिन आज पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोतजी को लेकर मुख्यमंत्री की भाषा और उनके द्वारा लगाए गए व्यक्तिगत आरोपों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ आपके पास इतने गंभीर आरोपों से जुड़े तथ्य और प्रमाण थे, तो 3 साल तक आप मौन क्यों रहे? आज ही इन आरोपों को सार्वजनिक करने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? कहीं ऐसा तो नहीं कि जब सवालों की आंच आपके अपने ऑफिस और आपकी जवाबदेही तक पहुंचने लगी, तो चर्चा का रुख मोड़ने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री पर नए आरोपों की झड़ी लगा दी गई? यदि आपके आरोपों में कोई सच्चाई है, तो आपके पास सत्ता है, सरकार है और पूरी प्रशासनिक मशीनरी है। तथ्यों और प्रमाणों के साथ उन्हें सार्वजनिक कीजिए और कानून के अनुसार कार्रवाई कीजिए। लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणियां और बिना प्रमाण के आरोप लगाकर अपनी सरकार तथा अपने कार्यालय से जुड़े सवालों से बचा नहीं जा सकता।

जूली बोले- गहलोत पर लगाए बेबुनियाद आरोपों पर माफी मांगें मुख्यमंत्री

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी सीएम भजनलाल शर्मा पर पलटवार करते हुए माफी मांगने को कहा है। जूली ने एक्स पर लिखा- पूर्व सीएम अशोक गहलोत का लंबा सार्वजनिक जीवन बेदाग और आदर्शों से परिपूर्ण रहा है। जब भजनलाल शर्मा ने साल 2003 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उनकी जमानत जब्त हो गई थी। तब तक गहलोत 5 बार सांसद और 3 बार केंद्रीय मंत्री रह चुके थे और राजस्थान के मुख्यमंत्री थे। जूली ने लिखा- आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन पर जिस प्रकार के मिथ्या आरोप लगाए, वे अपने अतिरिक्त मुख्य सचिव रहे अधिकारी के साथ मिलीभगत के आरोप लगने के बाद उनकी बौखलाहट को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री के आज के बयान राजस्थान की राजनीति का स्तर गिराने वाले हैं। उन्हें ऐसे बयानों के लिए अविलंब माफी मांगनी चाहिए।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर से कोलकाता के लिए आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन

थिंक राजस्थान • जयपुर

छठ और दीपावली पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे जयपुर से कोलकाता के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शुरू कर रहा है। ट्रेन 4 नवंबर से खातीपुरा स्टेशन से चलेगी। यह ट्रेन 18 नवंबर तक तीन ट्रिप करेगी। इससे राजस्थान के साथ यूपी, बिहार और बंगाल जाने वाले यात्रियों को फायदा मिलेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि परिचालन कारणों से यह ट्रेन पं. दीनदयाल उपाध्याय और आसनसोल स्टेशन के बीच परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन नंबर 09709 खातीपुरा-कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल 4, 11 और 18 नवंबर को खातीपुरा से दोपहर 3:45 बजे रवाना होगी। यह शुक्रवार दोपहर 2 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09710 कोलकाता-खातीपुरा स्पेशल 6, 13 और 20 नवंबर को कोलकाता से सुबह 5 बजे रवाना होगी। यह शनिवार दोपहर 2:40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर होगा ठहराव: ट्रेन का ठहराव दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल और नैहाटी स्टेशन पर होगा।

ट्रेन में होंगे 22 कोच: इस स्पेशल ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। इनमें 3 सेकेंड एसी, 13 थर्ड एसी, 4 स्लीपर और 2 गार्ड कोच शामिल हैं।

बहू से विवाद के बाद सास कुएं में कूदी: कांस्टेबल ने बचाई जान

थिंक राजस्थान • जयपुर

कॉन्स्टेबल तेजपाल ने बताया- मैं और महिला कॉन्स्टेबल राजकिरण सुबह पीसीआर पर तैनात थे। हमें सुबह 9 बजे कंट्रोल रूम से वायरलैस पर सूचना मिली थी कि चौंप गांव में एक महिला (50) कुएं में कूद गई। हमारी गाड़ी घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर थी। घटना की गंभीरता देखते हुए हम 9:18 बजे मौके पर पहुंचे। वहां देखा कि 200 से 250 लोगों की भीड़ एकत्र थी। बोरिंग से पाइप खींचने वाली गाड़ी लगा रखी थी, लेकिन महिला को निकालने में सफलता नहीं मिली थी। कॉन्स्टेबल तेजपाल ने बताया- जब हम पहुंचे तो गांव वालों से समझाइश कर पहले भीड़ को दूर करवाया। फिर वहां से किसी को नीचे उतरने की गुजारिश की, लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। फिर गांव के एक घर से चारपाई मंगवाकर चारों कोने बांधकर कुएं में मैं खुद उतरा। ताकि महिला को सकुशल बाहर निकाला जा सके। 50 फीट गहरे कुएं में पानी नहीं था। मुझे कुएं में उतरने में महज डेढ़ मिनट लगे। नीचे उतरते ही पहले महिला से बातचीत कर उसके बारे में जानकारी ली। महिला ने बताया- आत्महत्या करने के लिए कूदी, लेकिन पता नहीं क्यों भगवान ने मुझे बचा लिया। महिला ने अपनी पीड़ा बताई कि बेटे-बहू और परिवार से परेशान होकर मैंने आत्महत्या का कदम उठाया। महिला ने कहा- मेरे एक पैर में हल्की चोट आई है। मैं खड़ी नहीं हो सकती। महिला का भारी शरीर था। ऐसे में बड़ी मुश्किल से महिला को चारपाई पर बिठाया। फिर उससे ऊपर खींचा गया।

विद्याधर का बाग में अब नहीं होंगी शादी-पार्टियां: हाईकोर्ट ने लगाई रोक

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर स्थित 'विद्याधर का बाग' में शादी-समारोह, पार्टियों और हर तरह की व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं। यह रोक मुख्य न्यायाधीश संजय के अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की बैंच ने सिटिजन्स प्रोटेक्शन सोसायटी की जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए लगाई। साथ ही कोर्ट ने वन विभाग से पूछा कि उन्होने रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में स्थित इस बाग में किस आधार पर रेस्टोरेंट संचालन की अनुमति दी। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

अक्षरा ने नेवटा मंदिर में शूट किया गाना, श्रेया घोषाल की आवाज में होगा रिलीज

थिंक राजस्थान • जयपुर



अक्षरा ने जयपुर के नेवटा स्थित मंदिर में अपने डिवोशनल सॉन्ग की शूटिंग की है। अक्षरा ने कहा कि डिवोशनल सॉन्ग से जुड़ना उनके लिए यादगार अनुभव रहा। मंदिर परिसर में गाने की शूटिंग के दौरान भक्ति और संगीत का खास संगम देखने को मिला। दरअसल, दीपावली के मौके पर रिलीज होने जा रहे भक्ति गीत 'राम आएंगे' की शूटिंग जयपुर के नेवटा क्षेत्र में की गई है। गीत में अभिनेत्री अक्षरा सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि इसे गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है। गीत की शूटिंग नेवटा स्थित मंदिर और वहां की गलियों में हुई।

अक्षरा सिंह के साथ जयपुर की छह मॉडल भी इसमें शामिल हैं। गीत में रामायण की कहानी को दृश्यात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। गीत का निर्देशन अमन प्रजापत ने किया है और इसके निर्माता सौरभ प्रजापत हैं। टीम इससे पहले भी कई वीडियो एल्बम बना चुकी है। निर्देशक अमन प्रजापत ने बताया कि वे जयपुर से हैं, इसलिए उनके ज्यादातर प्रोजेक्ट राजस्थान में ही शूट होते हैं। उन्होंने कहा कि टीम बॉलीवुड के कई गायकों के साथ लगातार काम कर रही है और आगामी दिनों में भी राजस्थान में कई गानों की शूटिंग प्रस्तावित है।

'भगवान राम के गीत से जुड़ना खास'

अक्षरा सिंह ने बताया कि उन्होंने दो दिन में दो गानों की शूटिंग की है। उन्होंने प्रोडक्शन की तारीफ करते हुए कहा कि दीपावली के मौके पर भगवान राम के गीत से जुड़ना उनके लिए बेहद खास है। इस बार दिवाली खास होने वाली है। अक्षरा के मुताबिक, वे पहले भी जयपुर में शूटिंग कर चुकी हैं, लेकिन इस बार अलग तरह की लोकेशन पर काम करने का अनुभव खास रहा। उन्होंने कहा कि भक्ति गीत से जुड़ना हमेशा खास होता है और इस बार का अनुभव यादगार बन गया है।

अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री और गायिका हैं। उन्होंने वर्ष 2010 में फिल्म 'सत्यमेव जयते' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद 'सौगंध गंगा मैया के', 'दिलेर' और 'साथिया' जैसी फिल्मों में काम किया। 'सत्या', 'तबादला', 'धड़कन' और 'सरकार राज' जैसी फिल्मों से उन्हें खास पहचान मिली। उन्होंने हिंदी टेलीविजन पर भी काम किया और 'काला टीका', 'सर्विस वाली बहू' तथा ऐतिहासिक धारावाहिक 'पोरस' में नजर आईं। वर्ष 2021 में वे रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' में भी शामिल हुईं। अभिनय के साथ-साथ अक्षरा गायन में भी सक्रिय हैं और भोजपुरी संगीत में उनके कई गीत लोकप्रिय हुए हैं।

विधायक रवींद्र भाटी ने जयपुर में लॉन्च किया फिल्म ट्रेलर



थिंक राजस्थान • जयपुर

आस्था की शक्ति, सनातन संस्कृति की फिल्म 'देवी विज्ञानम्' का आधिकारिक ट्रेलर जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में लॉन्च किया गया। फिल्म में आस्था, अध्यात्म, प्राचीन परंपराओं और वैज्ञानिक सोच के बीच के रिश्ते को पेश करने का प्रयास किया गया।

ट्रेलर के लॉन्च समारोह में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं विधायक बालमुकुंद आचार्य, आध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरि, आध्यात्मिक गुरु व डॉक्टर कर्णी प्रताप सिंह और समाजसेवी मनीष रिनवा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर फिल्म की स्टारकास्ट टिकू तलसानिया, पूजा जोशी, के. आर्यवर्धन और चेतन धनानी के साथ निर्देशक कर्तव्य शाह तथा किंग प्रोडक्शन हाउस की टीम भी मौजूद रही। टिकू तलसानिया ने कहा- हमने शूटिंग के लिए पहाड़ों को चुना था। जब शूटिंग के लिए मंदिर देख रहे थे, तब माता का मंदिर हमें मिल गया। ऐसे में यह फिल्म आशीर्वाद के साथ तैयार की है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा- 'देवी विज्ञानम्' ऐसे महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने लाने का प्रयास करेगी।

देशनोक करणी माता मंदिर से प्रेरित कहानी

'देवी विज्ञानम्' की कहानी देशनोक स्थित करणी माता मंदिर से प्रेरित है। फिल्म रहस्य और रोमांच के जरिए आस्था तथा विज्ञान के बीच के संबंध को तलाशती है। कहानी का केंद्र ऐसा पात्र है, जो शुरुआत में धर्म और आस्था को लेकर संदेह करता है, लेकिन अप्रत्याशित घटनाओं के बाद उसका नजरिया बदलने लगता है। फिल्म की यात्रा अविश्वास से विश्वास और अधर्म से धर्म की ओर बढ़ती है। निर्देशक कर्तव्य शाह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 4 दिसंबर को रिलीज होगी।

होटल में ओवरस्टे कर रही थाईलैंड की महिला को पकड़ा, संचालक पर केस

पहले भी पहचान छिपाकर रह रही थाई महिला की हुई थी मौत

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन ऑफिस (FRO) ने कार्रवाई तेज कर दी है। फिर चित्रकूट स्थित होटल एलोरा में वीजा की तय अवधि से ज्यादा समय तक रुकी थाइलैंड की महिला को हिरासत में लिया गया है। विदेशी महिला के ठहरने की जानकारी निर्धारित समय में ऑनलाइन सी-फॉर्म के जरिए नहीं देने और इसके लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने पर होटल संचालक विपिन माहेश्वरी के खिलाफ चित्रकूट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

खास बात यह है कि इसी होटल में पहले पहचान छिपाकर रह रही थाईलैंड की एक महिला की मौत हो चुकी है। पुराने मामले के बाद एक बार फिर यह होटल विदेशी नागरिकों के ठहरने से जुड़े नियमों को लेकर चर्चा में है।

FRO धर्मेंद्र सागर ने बताया कि थाईलैंड की महिला 19 अक्टूबर से होटल एलोरा में ठहरी हुई थी। होटल प्रबंधक विपिन माहेश्वरी ने महिला के ठहरने की जानकारी निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन सी-फॉर्म के माध्यम से दर्ज नहीं कराई। जांच में यह भी सामने आया कि होटल संचालक ने सी-फॉर्म भरने के लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन तक नहीं करवा रखा था। इसे इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट-2025 का उल्लंघन मानते हुए होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पहले भी सामने आया मामला

FRO धर्मेंद्र सागर ने बताया कि कुछ दिन पहले थाईलैंड की एक अन्य महिला की एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई थी। वह महिला भी अपनी पहचान छिपाकर ओवरस्टे करते हुए होटल एलोरा में रह रही थी। उस महिला के ठहरने की जानकारी भी होटल प्रबंधन ने सी-फॉर्म के जरिए दर्ज नहीं कराई थी। अब इसी होटल में एक और विदेशी महिला के ओवरस्टे का मामला सामने आने के बाद FRO ने सख्ती दिखाई है।

नकली घी पैक करने वाली फैक्ट्री सीज

थिंक राजस्थान • जयपुर

सीएमएचओ की टीम ने सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक जिले की अलग-अलग जगहों पर मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की। जैतपुरा में एक घी की पैकिंग करने वाली फैक्ट्री को सीज किया गया, जहां अलग-अलग ब्रांड का नकली घी पैक किया जा रहा था। टीम ने यहां से 35 हजार लीटर घी का स्टॉक भी जब्त किया है।

सीएमएचओ फर्स्ट डॉ. रवि शेखावत ने बताया- जैतपुरा में हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स के नाम से एक फैक्ट्री संचालित है। ये घी निर्माण और पैकेजिंग की एक बड़ी यूनिट है। निरीक्षण के दौरान राजस्थान सरस, डेयरी ब्रदर्स, श्री किरण सरस, माटुला, चॉइस डेयरी, रघु श्री और गणक सहित अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैक घी मिला। घी की पैकिंग 200 एमएल, 500 एमएल, 1 लीटर, 2 लीटर, 5 लीटर और 15 लीटर के टेट्रा और टिन में उपलब्ध थी।

2 स्कॉर्पियों की भिड़ंत में कई लोग घायल: ट्रैफिक लाइट का पोल टूटा

बच्चों से भरे वाहन की स्विफ्ट कार से टक्कर

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में सोमवार रात तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते 2 अलग-अलग हादसे सामने आए। गोपालपुरा पुलिया पर बच्चों से भरे वाहन की स्विफ्ट कार से टक्कर हो गई वहीं जवाहर नगर थाना इलाके में 2 तेज रफ्तार स्कॉर्पियों आपस में टकरा गई, जिसमें 3 से 4 लोग घायल हो गए,जिन्हें एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

पहला हादसा सोमवार रात करीब 10 बजे गोपालपुरा से ओटीएस को जोड़ने वाली पुलिया पर हुआ। यहां गुरु कृपा कोचिंग के बच्चों से भरे वाहन और एक स्विफ्ट कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद पुलिया पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। राहत की बात रही कि वाहन में सवार किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई।

दूसरा हादसा जवाहर नगर इलाके में पुलिया नंबर एक स्थित शंकर मिष्ठान भंडार के पास सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। यहां दो तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आपस में भिड़ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क किनारे लगा रोड लाइट का पोल भी टूट गया। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवर सहित 3 से 4 लोग घायल हो गए। एक स्कॉर्पियो का रजिस्ट्रेशन नंबर RJ 14 UK 5593 बताया गया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे हादसे की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार से वाहन चलाना हादसे की वजह सामने आया है। एक स्कॉर्पियो टूटी पुलिया की तरफ से तेज गति से आ रही थी, जबकि दूसरी अगले तिराहे से निकल रही थी। इसी दौरान दोनों की भिड़ंत हो गई।

जयपुर नगर निगम की पहल: आम जनता के सहयोग से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास, 5 नवंबर को सफाई सेवा मैराथन का आयोजन

दिवाली पर घर सजाकर स्कूटी, एलईडी टीवी-मोबाइल जीते: सबसे साफ वार्ड को 51 लाख इनाम

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में नगर निगम की ओर से इस बार दीपावली पर घर सजाने पर इनाम दिया जाएगा। सबसे अच्छा घर सजाने वाले टॉप तीन को इलेक्ट्रिक टू (ईवी) व्हीलर, एलईडी टीवी और स्मार्टफोन गिफ्ट में मिलेगा। इसके साथ ही वार्डों के बीच भी स्वच्छता और नए प्रयोग को लेकर मुकाबला होगा। पहले नंबर पर रहने वाले वार्ड को 51 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्य मिलेंगे।

नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा ने बताया- 4 से 11 नवंबर तक वार्ड, आवासीय क्षेत्र, बाजार, दुकानों और संस्थानों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता होगी। नगर निगम 5 नवंबर को सफाई सेवा मैराथन 2.0 के तहत शहर में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाएगा। इसमें सफाई कर्मचारी, पार्षद और लोग शामिल होंगे। इससे शहर में 5 हजार टन कचरा उठाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वच्छता के साथ वार्डों के बीच प्रतियोगिता भी होगी। पार्षद अपने क्षेत्र की सफाई, नवाचार और विशेष पहल की फोटो भेजेंगे। हर वार्ड से 50 फोटो अपलोड की जा सकेंगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों को अतिरिक्त विकास कार्यों के रूप में पुरस्कार मिलेगा।

7 नवंबर को रात 9 बजे विधानसभा क्षेत्र में ड्रोन शो होगा। दीपावली से जुड़ी आकृतियां, दीये और रोशनी के संदेश दिए जाएंगे। विधानसभा के नजदीक जनपथ सड़क पर राजस्थानी कलाकृतियां भी रंगों से उकेरी जाएगी। 8 नवंबर को पहली बार दीपोत्सव पर 15 मिनट की विशेष आतिशबाजी होगी। रात 9:30 बजे होने वाले इस आयोजन का नजारा विधानसभा और जनपथ के आसपास के साथ परकोटे और घरों की छतों से भी देखा जा सकेगा।इसी दिन गलियों, हवेलियों और स्मारकों पर मिट्टी के दीये जलाए जाएंगे। रंगोली, फूलों से घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों को सजाया जाएगा।

घर सजाओ, इनाम जीतो

नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा ने बताया- इस बार आवासीय क्षेत्रों के लिए दो प्रतियोगिता होगी। दोनों में 4 से 11 नवंबर तक भाग लिया जा सकेगा। पारंपरिक सजावट के तहत रंगोली, मांडना, गोबर कला और फूलों से सजावट के आधार पर आकलन होगा। पहले नंबर पर रहने वाले को इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, दूसरे नंबर पर एलईडी टीवी और तीसरे नंबर पर रहने वाले को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। दुकान, शोरूम, खरीदारी केंद्र, सुपर मार्केट, होटल, रिसॉर्ट, ऑफिस, फैक्ट्री और औद्योगिक प्रतिष्ठान भी इसमें भाग ले सकेंगे। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, बैंक, चिकित्सा संस्थान, गैर-सरकारी संगठन और धार्मिक स्थल शामिल होंगे। परकोटे और जयपुर ग्रेटर क्षेत्र के बाजारों के लिए भी अलग-अलग सजावट प्रतियोगिता होगी।

6 से 11 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए jaipurdiwali.com पर मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद कैटेगरी चुनकर फोटो अपलोड कर सकेंगे। पोर्टल के कैमरे से सीधे भी फोटो ले सकेंगे। डायरेक्ट अपलोड इस वेबसाइट पर नहीं हो सकेगा। जयपुर मेयर सुनील कोठारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आम जनता की सहभागिता न सिर्फ उन्हें विजेता बन सकती है। बल्कि अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में वह अपना योगदान भी दे सकते हैं। हालांकि एआई से बनाई या एडिट फोटो मान्य नहीं होंगी।



5100 दीपक जलाए: रंगोलियां सजाई, 125 स्टूडेंट और 15 टीचर्स ने तीन घंटे में की सजावट





थिंक राजस्थान • पाली। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल का मुख्य गेट और आसपास का क्षेत्र मंगलवार शाम 5100 दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा। एक निजी स्कूल के 125 स्टूडेंट और 15 टीचर्स ने करीब तीन घंटे की मेहनत से हॉस्पिटल परिसर में दीपक सजाए और उन्हें जलाया। इसके साथ ही परिसर में आकर्षक रंगोलियां भी बनाई गईं। स्कूल की प्रिंसिपल दीपिका देवड़ा ने बताया कि स्कूल की ओर से पिछले 8-9 साल से हर दीपावली पर हॉस्पिटल में दीपक जलाकर खुशियों और रोशनी का संदेश दिया जा रहा है। स्टूडेंट को इस आयोजन में इसलिए शामिल किया जाता है, ताकि वे अपने परंपरागत त्योहारों और उनके महत्व को समझ सकें। आयोजन के दौरान हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. कैलाश परिहार, मुल्तानसिंह राजपुरोहित, स्कूल प्रिंसिपल दीपिका देवड़ा, सीमा, अर्जुन, हेरिक, सुमन, महिमा और शीतल मौजूद रहे। वहीं, स्टूडेंट प्रियंका, एंजेल, प्रद्युम्न सिंह और दिव्यांशी सहित कई स्टूडेंट ने भी दीपक सजाने और जलाने में हिस्सा लिया।

ब्रीफ न्यूज

सोजतः 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, कॉमर्शियल उपयोग कर रहे थे



थिंक राजस्थान • सोजत

पाली जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ रसद विभाग ने कार्रवाई की। मंगलवार को सोजत क्षेत्र में 6 प्रतिष्ठानों की जांच कर टीम ने 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। ये सिलेंडर रेस्टोरेंट, नमकीन भंडार और भोजनालयों में इस्तेमाल किए जा रहे थे। जिला रसद अधिकारी भंवरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने मोड भट्टा सोजत स्थित चौधरी रेस्टोरेंट से 5 सिलेंडर जब्त किए। वहीं, सोजत बस स्टैंड स्थित जीवाराम नमकीन भंडार से 2, श्री यादे रेस्टोरेंट से 3, कृष्ण कन्हैया रेस्टोरेंट से 2, आशापुरा भोजनालय से 2 और बालाजी स्वीट से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

जोधपुर में घर के बाहर पिता-बेटे पर तलवार से हमला

थिंक राजस्थान • सोजत

जोधपुर में घर के बाहर बैठे पिता-बेटे से कुछ बदमाशों ने मारपीट की। आरोपियों ने पुरानी रंजिश में लकड़ी के डंडे और धारदार हथियार से दोनों से मारपीट की। बदमाशों ने दोनों पर तलवार से भी हमला किया। हालांकि उन्होंने बचने की कोशिश की। इसके चलते उनके हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। महामंदिर थाने में 1 नवंबर की रात 11 बजे यह वारदात हुई। पीड़ित हेमंत परिहार निवासी जुनी बागर महामंदिर ने इसे लेकर रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हेमंत परिहार ने बताया- मेरे बेटे और उसके दोस्त के साथ मैं खड़ा था। इसी दौरान शेखर, शेखू और सुनील सहित आरोपी आए। उन्होंने आते ही हम पर हमला कर दिया। जैसे-तैसे हमने अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। हेमंत परिहार ने बताया- पुलिस के आने का पता चलने पर आरोपी मौके से भाग निकले। भागते समय उन्होंने धमकी भी दी कि पुलिस आने की वजह से वह बच गए हैं। इधर पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई।

पंचायत-समिति सदस्य प्रत्याशी पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर की झंवर थाना पुलिस ने पंचायत समिति प्रत्याशी पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने चुनावी रंजिश के तहत हमले को अंजाम दिया था। पुलिस दोनों आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ कर रही है। हमलावर मारपीट करने के बाद गाड़ी में रखे नकदी और सोने की चेन भी चुराकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार- 1 नवंबर 2026 की रात्रि चेनाराम, जो पंचायत समिति प्रत्याशी के प्रतिनिधि जब जा रहे थे। तब झंवर गांव के हरिंगाराम पटेल और अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने रमेश (31) पुत्र तेजाराम निवासी झंवर पटेलावास पुलिस थाना झंवर सुनील पटेल (21) पुत्र बुधाराम निवासी झंवर को गिरफ्तार किया है।

लूणकरणसर में 77.13, श्रीडूंगरगढ़ में 74.13 प्रतिशत वोटिंग हुई

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान हुआ। इस फेज में लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़ और रीडी पंचायत समिति क्षेत्रों की 112 ग्राम पंचायतों में वोटिंग हुई, जिसके लिए 402 मतदान केंद्र बनाए गए थे। बीकानेर में पहले दो चरण के चुनाव हो चुके हैं और मंगलवार को तीसरे फेज की वोटिंग हुई थी। श्रीडूंगरगढ़ में 33 ग्राम पंचायतों में 123 मतदान केंद्र, रीडी में 31 ग्राम पंचायतों में 104 मतदान केंद्र और लूणकरणसर में 48 ग्राम पंचायतों में 175 मतदान केंद्र पर वोटिंग हुई। तीनों पंचायत समितियों में कुल 75.28 प्रतिशत मतदान रहा। चौथे चरण में दीपावली के बाद बीकानेर के नोखा, जसरासर और पांचू में चुनाव होंगे। श्रीडूंगरगढ़ में 74.13, रीडी में 73.40 और लूणकरणसर में 77.13 प्रतिशत मतदान हुआ।



हरियाणा के पूर्व MLA का भाई सरपंची का चुनाव हारा: खुद BJP में, भाई कांग्रेस के समर्थन से लड़ा

थिंक राजस्थान • नारनौल

हरियाणा के नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं यदुवंशी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) राव बहादुर सिंह के परिवार को राजस्थान के पंचायत चुनाव में बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। राजस्थान के झुंझुनूं जिले की सोहली ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव में उनके बड़े भाई ओमप्रकाश यादव को हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार मनुदेवी ने उन्हें 237 वोटों के अंतर से शिकस्त दी। इस परिणाम के बाद हरियाणा और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस राजनीतिक परिवार की चुनावी हार चर्चा का विषय बनी हुई है।

सोहली ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 30 अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना के बाद घोषित परिणाम के अनुसार मनुदेवी को 715 वोट मिले, जबकि ओमप्रकाश यादव को 478 वोट प्राप्त हुए। इस तरह मनुदेवी ने 237 वोटों से जीत दर्ज कर सरपंच पद पर कब्जा किया। इस चुनाव में कुल छह उम्मीदवार मैदान में थे।

इस परिवार को सोहली ग्राम पंचायत में इससे पहले भी चुनावी हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2020 के पंचायत चुनाव में राव बहादुर सिंह की मां ने सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें भी जीत नहीं मिल सकी थी। अब 2026 के चुनाव में उनके बड़े भाई ओमप्रकाश यादव की हार के बाद परिवार को लगातार दूसरी बार इसी ग्राम पंचायत में चुनावी शिकस्त मिली है।

2009 में INLD के टिकट पर बने थे विधायक

राव बहादुर सिंह का हरियाणा की राजनीति में भी सक्रिय सफर रहा है। वे वर्ष 2009 में इनेलो (INLD) के टिकट पर नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इस चुनाव में उन्हें 32,984 वोट मिले थे। इसके बाद वर्ष 2014 में उन्होंने इनेलो के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था।

18.32 लाख बकाया पर 5 कृषि कनेक्शन काटे, ट्रांसफार्मर जब्त

थिंक राजस्थान • कोलायत

रबी की फसल से पहले जोधपुर डिस्कॉम ने बकाया वसूली अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत सोमवार को एईएन कार्यालय कोलायत और बीकानेर सतर्कता विभाग की टीम ने 18.32 लाख रुपए की बकाया राशि पर 5 कृषि कनेक्शन काटकर ट्रांसफार्मर जब्त किए। एईएन संजय सिंह भदौरिया ने बताया कि बकाया राशि को लेकर संबंधित उपभोक्ताओं को कई बार नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद राशि जमा न करवाने पर यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि राजस्व वसूली के लिए आगे भी इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा।

पूर्व सांसद ने तहसील ऑफिस में लीं कर्मचारियों की मीटिंग

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं



झुंझुनूं जिले के बिसाऊ तहसील ऑफिस में एक बंद कमरे में पूर्व सांसद की ओर से कर्मचारियों की मीटिंग को लेकर विवाद हो गया है। आरोप है कि पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने तहसील ऑफिस के एक कमरे में कुछ कर्मचारियों के साथ बैठक की।

मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव के दौरान सरकारी ऑफिस में सरकारी कर्मचारियों के साथ मीटिंग कैसे की जा सकती है। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो में एक कमरे में कुछ कुर्सियां रखी दिख रही हैं और पूर्व सांसद वहां खड़े होकर फोन पर बात करते नजर आ रहे हैं। दूसरे वीडियो में पूर्व सांसद तहसील कार्यालय से बाहर निकलते दिख रहे हैं, जहां वीडियो बनाते हुए एक व्यक्ति उनसे पूछता है- "क्या मीटिंग, किनकी मीटिंग ली है आपने, क्यों आए थे तहसील ऑफिस?" इस पर पूर्व सांसद बिना जवाब दिए सीधे अपनी गाड़ी में जाकर बैठ जाते हैं।

श्रीगंगानगर जेल में कैदी से मिला संदिग्ध पाउडर

बिस्तर के नीचे छुपा रखा था, जेल प्रहरी की रिपोर्ट पर केस दर्ज

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर की सेंट्रल जेल में एक बंदी के बिस्तर से संदिग्ध पाउडर बरामद हुआ। पाउडर एक पारदर्शी थैली में रखा हुआ था। बरामदगी के बाद जेल प्रशासन में हलचल मच गई। जेल प्रशासन ने संदिग्ध सामग्री को कब्जे में लेकर मामले की सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार- जेल प्रशासन और सुरक्षाकर्मियों ने औचक तलाशी अभियान के तहत विभिन्न बैरकों और बंदियों के सामान की जांच की। इसी दौरान एक बंदी के बिस्तर की तलाशी लेने पर पारदर्शी थैली में संदिग्ध पाउडर मिला। सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल उसे अपने कब्जे में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल प्रशासन के निर्देश पर जेल प्रहरी ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने संबंधित बंदी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि संदिग्ध पाउडर जेल के भीतर कैसे पहुंचा और इसके पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है। बरामद पाउडर की प्रकृति की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

अजमेरः टॉयलेट के विवाद में ट्रेवल-कारोबारी के गले पर हमला

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर में टॉयलेट जाने के विवाद में एक ट्रेवल कारोबारी पर एक युवक ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने कहासुनी के बाद कारोबारी के गले पर हथियार से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 1 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे यह घटना हुई।

सिविल लाइंस थाने के एएसआई लक्ष्मण कुमार ने बताया- घूघरा घाटी निवासी ट्रेवल एजेंसी संचालक राजेश पाराशर टॉयलेट करने गए थे। इसी दौरान टॉयलेट करने की बात को लेकर स्थानीय निवासी नंदू भाट उर्फ नितीश से उनकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने राजेश पाराशर पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी नंदू भाट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर जांच कर रही है।

पेट्रोल-पंप मालिक से गैंगस्टर बोला- तेरे से चाहिए 5 करोड़ रुपए: आरजू के नाम से रंगदारी मांगी

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में पेट्रोल पंप कारोबारी और इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक से 5-5 करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया और कहा- तेरी डिफेंडर सफेद कलर की कलेक्ट्री के पास खड़ी थी। मेरे लड़के तेरी डिफेंडर के शीशे के पास ही थे। चमत्कार दिखाना था तेरे को, या तो कॉल कर लेना नहीं तो चमत्कार दिखा देंगे। 5 करोड़ देने हैं तुझे।

मामला 2 नवंबर रात 11 बजे का है, व्यापारी ने पुलिस ने आज शिकायत दी। मामले में पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे कॉल्स आने पर घबराएं नहीं और पुलिस से संपर्क करें। रंगदारी के लिए धमकाने का ये 8 वें दिन में तीसरा मामला है। 25 अक्टूबर को जिला परिषद प्रत्याशी से 2 करोड़ मांगे गए थे।

विदेशी नंबर से 6 बार किया कॉल

शिकायतकर्ता ने बताया- 2 नवंबर की रात 9:13 से 9:27 बजे के बीच विदेशी नंबर से वॉट्सऐप पर 6 बार कॉल आई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की। रात 9:29 बजे इसी नंबर से दोबारा वॉइस कॉल आई। इसके बाद एक वॉइस नोट आया। रात करीब 11 बजे इसकी रिकॉर्डिंग सुनी। शिकायतकर्ता ने बताया- कॉल करने वाले ने पेट्रोल पंप के कारोबार की जानकारी देते हुए धमकी दी। खुद को गैंगस्टर बताने वाले ने नोट में कहा- वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बोल रहा है। उनके आदमियों की कारोबारी पर नजर है और आस-पास मौजूद हैं। अगर उसने 5 करोड़ रुपए नहीं दिए तो परिवार को जान से मार देंगे।

नंबरों को ट्रैक करना पॉसिबल नहीं

सीओ सिटी आईपीएस नितिन चौधरी ने बताया- शहर में पंप कारोबारी और एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक को धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी देने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वीपीएन आदि के उपयोग के कारण ऐसे नंबरों को ट्रैक करना पॉसिबल नहीं है। पुलिस धमकी देने वालों के स्थानीय नेटवर्क को डिटेन करने में जुटी है। चौधरी ने कहा- अभी इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने की पुष्टि नहीं की जा सकती। कई बार लोग बड़े गैंगस्टर का नाम लेकर भी धमकियां देते हैं। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। आमजन से अपील की कि ऐसी धमकी मिलने पर घबराएं नहीं और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

चूरू नगर परिषद के ट्रैक्टर ने युवक को कुचला: मौके पर ही हुई मौत, तेज आवाज में गाने बजाने का आरोप

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू तेज आवाज में गाने बजाते हुए कचरे से भरे नगर परिषद के ट्रैक्टर ने सोमवार शाम युवक विनोद खटीक को कुचल दिया। हादसे में विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, ट्रैक्टर ड्राइवर तेज आवाज में गाने बजाते हुए तेज गति से वाहन चला रहा था। लोगों ने आवाज लगाकर ट्रैक्टर रुकवाया और विनोद को निजी वाहन से डीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल में मौजूद मोहल्ले के जुगल किशोर ने बताया कि वह शाम को राशन डिपो से गेहूं लेकर लौट रहे थे। वार्ड 52 निवासी विनोद सड़क किनारे खड़े थे। इसी



दौरान नगर परिषद का कचरे से भरा ट्रैक्टर वहां पहुंचा। जुगल किशोर के मुताबिक, ट्रैक्टर में तेज आवाज में गाने चल रहे थे और ड्राइवर तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ने विनोद को कुचल दिया। लोगों ने शोर मचाकर ड्राइवर को ट्रैक्टर रोकने के लिए कहा।

निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, मृत घोषित किया

हादसे के बाद मोहल्ले के लोग विनोद को निजी वाहन से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों और परिचितों में शोक छा गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा और अस्पताल चौकी के एएसआई सुरेश कुमार अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार सुबह मामला दर्ज होने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

31 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर 'नवपीढ़ी प्रेरणादूत सम्मान' से सम्मानित

सीमा को 'विरासत-ए-राजस्थान' लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

थिंक राजस्थान • जयपुर

मरू कोकिला और राजस्थान की लता के नाम से पहचान रखने वाली लोकगायिका सीमा मिश्रा की 50वीं स्वर्णिम जन्म वर्षगांठ के अवसर पर झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संवाद, सुरों और सम्मान का आयोजन हुआ। राजस्थान लोकसंगीत-कला अकादमी और स्वर माधुरी मल्टीमीडिया की ओर से आयोजित समारोह में सीमा मिश्रा की तीन दशक लंबी स्वर-साधना और राजस्थानी लोकगीत-संगीत, भाषा तथा संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार में योगदान को सराहा गया। उन्हें मरुधरा की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए



'विरासत-ए-राजस्थान' लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद झुंझुनूं जिले के छापोली (उदयपुरवाटी) में सड़क निर्माण कार्य के दौरान करंट से जान गंवाने वाले श्रमिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

सीमा मिश्रा ने कहा कि सभी को कम से कम अपने घरों में राजस्थानी भाषा बोलनी चाहिए। इससे भाषा को बढ़ावा मिलने के साथ आपसी अपनापन भी बढ़ेगा। उनके अनुसार, राजस्थानी भाषा में ऐसी आत्मीयता है, जो लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करती है। समारोह में प्रदेशभर से कला, संस्कृति, राजनीति, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों ने भाग लिया।

सांसद मंजू शर्मा, विधायक रविंद्र सिंह भाटी, जयपुर महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, वरिष्ठ शिक्षाविद राजवीर सिंह चलकोई, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हाकम अली खान और विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक अश्विन दल्वी, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के संस्थापक ओपी अग्रवाल, उद्योगपति कमल पोद्दार और शिव सिंह शेखावत सहित कई विशिष्टजन भी समारोह में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी से किया पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन

2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क था, अब 1200 किमी हो गया, मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में थी अब 26 शहरों में चल रहीं

भारत दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल

एजेंसी ▶▶ पुणे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है।

2014 में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में उपलब्ध थीं जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। हर दिन 1 करोड़ से अधिक लोग मेट्रो से यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल है।

◆ भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ



केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ

मोदी ने कहा कि इस संकट के समय केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस स्थिति से प्रभावित किसान और ग्रामीण परिवार भी दिवाली मना सकें।

देश सेवा का संकल्प पूरा कर रहा

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि जब देश ने सेवा करने का मौका दिया तो हमने मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।

सरकार का जोर जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर

देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया

पीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार यह दर्शाता है कि सरकार का जोर 'जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर रहा है। पुणे मेट्रो के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आने-जाने में लगने वाला समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। उन्होंने कहा कि हिंजवाडी और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के एक प्रमुख आईटी हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2014 में सिर्फ 11 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जो अब बढ़कर लगभग 200 किलोमीटर हो गया है, जबकि 680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम जारी है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में अकेले मेट्रो बुनियादी ढांचे में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ रहा है। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं

यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत



आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपए और स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं



एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

भूपेश की याचिका रद्द हस्तक्षेप से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नई याचिका खारिज कर दी। इसमें



उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में पाटन सीट से निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान प्रारंभिक मुद्दा तय करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने भी बघेल की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

इंडी की रैली के बाद 22 प्रदर्शनकारियों पर केस

नई दिल्ली। यहां इंडिया ब्लॉक की रैली के बाद पुलिस ने 22 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ



प्राथमिकी दर्ज की है। इन प्रदर्शनकारियों को रामलीला मैदान से जंतर-मंतर की ओर मार्च निकालने की कोशिश के दौरान हिरासत में लिया गया था। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने निर्धारित अनुमति के दायरे से बाहर जाकर मार्च निकालने का प्रयास किया था।

अनिल ग्रुप की 510 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मुंबई। ईडी ने बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में रिलायंस अनिल



अंबानी ग्रुप पर एक बार फिर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है। समूह से जुड़ी कंपनियों के बैंक फ्रॉड मामलों में 510.17 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जब्त कुल परिसंपत्तियों का आंकड़ा 23,100 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947 में मोहम्मद अ ली जिन्ना ने की थी।

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों, फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हमें हरा नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं

शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में धकेलने की तीसरी साजिश की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने दावा किया कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर मरे हुए लोगों और अपने पंजीकृत पते से गए हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में नड्डा ने किया विपक्ष पर वार

चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार



बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम भ्रम फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

अनुराग का राहुल पर पलटवार

वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया



चंडीगढ़। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।

राहुल के विदेशी मदद वाले बयान पर बोले रिजिजू

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह वैसा ही है, जैसे इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें, अलगाववादी भारतीय झंडा लेकर चलें और अराजकतावादी संविधान की किताब दिखाएं।

भाटिया ने किया विपक्ष पर बड़ा हमला

राहुल सत्ता के लिए देश को जला रहे, अराजक बना रहे

हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। भाटिया ने राहुल पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का किया जिक्र

भाटिया ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इन मार्चों का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं हैं। यही चलता रहा तो लोग राहुल का विकल्प ढूंढ लेंगे: भाजपा ने एसआईआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर हमला तेज करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर राहुल गांधी सत्ता परिवर्तन के लिए अपने अराजकता के मॉडल को जारी रखते हैं, तो जनता विपक्ष में उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प ढूंढ लेगी।

दम हो तो यह बोलकर दिखाएं नेहा

भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो नेहा बोरा यह भी बोलकर दिखाएं कि मस्जिदों और मदरसों में मौलवी मुस्लिम बच्चियों के साथ दुराचार करते हैं। नेहा इस तरह की बात नहीं कहेंगी। इस तरह का चुनिंदा विरोध गलत मंशा से किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने दी सफाई

फार्म 6 गलत डिक्लेरेशन नहीं माना जाएगा, नहीं होगी कानूनी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने साफ किया कि जिन वोटर्स के नाम ड्राफ्ट एसआईआर रोल में नहीं हैं, वे फाइनल वोटर्स लिस्ट में नए सिरे से शामिल होने के लिए फॉर्म 6 जमा कर सकते हैं, भले ही वे पहले एनरोल हो चुके हों। जिन मामलों में नाम ड्राफ्ट एसआईआर रोल से हटा दिया गया था, उनमें फॉर्म 6 जमा करना, अपने आप में गलत डिक्लेरेशन नहीं माना जाएगा। आयोग ने कहा कि कोई इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर रिप्रेजेंटेशन ऑफ़ द पीपल एक्ट के सेक्शन 31 के तहत सिर्फ़ इसलिए एक्शन नहीं ले सकता क्योंकि कोई इलेक्टर जो पहले इलेक्टोरल रोल में था, एसआईआर के दौरान या उसके बाद फ़ॉर्म 6 जमा करता है। ऐसी कार्रवाई तब तक रोकी जाती है जब तक कि इलेक्टर कहीं और एनरोल न हो या उसने कोई गैर-कानूनी या झूठी घोषणा न की हो। अब चुनाव आयोग ने साफ कहा कि झूठी घोषणा करने की आशंका गलत थी।



लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनजिन रिग्डोल को महासचिव, राब्सकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनजिन त्सेवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।



कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूली रिश्वत, वे 35 करोड़ से बनवा रहे थे ड्रीम प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता को प्रस्तावित स्कूल का केयरटेकर बनाने की योजना थी।



9 उम्मीदवारों को आंसर-की लीक करने का आरोप

शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी सदस्य बीवी गीता पर 9 उम्मीदवारों को 9 जनवरी को हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की परीक्षा की आंसर-की उपलब्ध कराने और इसके बदले 10 लाख से 40 लाख रुपए तक रिश्वत लेने का आरोप है। साहूकार ने तीसरी रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की कथित डील में से 10 लाख रुपए लिए थे, जबकि गीता ने पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 20 लाख प्राप्त किए थे।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मुरासु ने बरपाया कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

10,805 लोग 171 राहत शिविरों में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ अमरावती

त्वरित मदद के लिए सीएम नायडू ने केंद्र का आभार जताया

चक्रवात 'मुरासु' के कारण 15 जिलों में 30.66 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में कृष्णा, बापटला और नंद्याल शामिल हैं। धान, कपास और मक्के की फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका है। 10,805 लोगों को चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया। राज्य सरकार ने 171 राहत शिविर स्थापित किए हैं और 14,810 भोजन के पैकेट वितरित किए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 'मुरासु' गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा। आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अभी किसी की जान नहीं गई : एनडीआरएफ

नई दिल्ली। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आंध्र प्रदेश में चक्रवात 'मुरासु' के चलते किसी की जान नहीं गई है। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मोहसिन शहीदी ने बताया कि इस संघीय आपातकालीन बल ने चक्रवात से 'सबसे अधिक प्रभावित' तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में 14 दल तैनात किए हैं। लगभग 1.75 लाख लोग इस चक्रवात से प्रभावित हुए हैं करीब 10,000 लोगों को 171 राहत शिविरों में ठहराया गया है।



ओडिशा में भूस्खलन के बाद लापता 10 लोगों की तलाश तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने गंजाम-कंधमाल सीमा पर पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद लापता हुए 10 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। लोगों की तलाश के लिए जमीन के भीतर की वस्तुओं का पता लगाने वाले रडार (जीपीआर) और अन्य विशेष उपकरणों की मदद ली जा रही है। पिछले सप्ताह चक्रवात 'अर्नब' के दौरान बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद ये 10 लोग लापता हो गए थे।

कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी



बंगाल की खाड़ी से उठा 'मुरासु' अब आगे बढ़ चला है। आईएमडी के अनुसार यह सुबह 03:30 से 05:30 बजे के बीच नेल्लोर और नरसापुर के मध्य, ओंगोल के निकट तट को पार कर गया। अब एक गहन अवदाब में तब्दील हो जाएगा। इससे कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी।

कश्मीर की सियासत में 'गरमी'

नेकां में बढ़ी दरार, रुहुल्ला ने पार्टी से कहा-अलविदा

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

सांसद आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी ने समर्थकों की भारी मौजूदगी के बीच मंच से जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ने का ऐलान कर दिया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं। रुहुल्ला ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मैं आप सबका शुक्रगुजार हूं कि आप यहां आए। यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। उन्होंने कहा कि दोपहर 2:40 बजे तक वह नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा थे, लेकिन अब वह खुद को पार्टी से आजाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं।

यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। रुहुल्ला ने अपना इस्तीफा मोहम्मद अशरफ मट्टू को सौंपा और उनसे कहा कि वह इसे अपने हाथों से संबंधित लोगों तक पहुंचाएं।



काली खेती का टीजर जारी, गांव की जमीन में दफन हैं खौफनाक राज

नई दिल्ली। किसी गांव की पहचान उसकी मिट्टी, खेतों और वहां के लोगों की जिंदगी से होती है। लेकिन सोचिए, अगर वही जमीन लोगों के लिए डर की वजह बन जाए, तो क्या होगा? जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की अपकमिंग फिल्म 'काली खेती' का टीजर कुछ ऐसी ही रहस्यमयी दुनिया से रूबरू कराता है। फिल्म में खेती को सिर्फ रोजी-रोटी का साधन नहीं, बल्कि एक अनजानी और खौफनाक ताकत के रूप में दिखाया गया है। फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर में नजर आने वाला ग्रामीण माहौल, रहस्यमयी घटनाएं और डर पैदा करने वाले दृश्य दर्शकों के मन में कई सवाल खड़े करते हैं।



हॉलीवुड मसाला



विवियेने ने हटाया पिता का सरनेम

नई दिल्ली। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। उन्हें पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटाने की मंजूरी भले ही अभी मिली हो, लेकिन साल 2024 से विवियेने अपने नाम के पीछे जोली सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं।


लाइफ Style

मेधा

सनकी में होंगी लीड एक्ट्रेस


अहान शेट्टी की फिल्म सनकी में मेधा राणा लीड एक्ट्रेस होंगी। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो गई है और यह 2027 में रिलीज होगी। अहान शेट्टी की अगली बड़ी फिल्म 'सनकी' जल्द ही फ्लोर पर आने वाली है।

मुंबई। इस बीच मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के नाम से भी पर्दे उठा उठा दिया है। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन और रोमांस फिल्म में अहान के साथ एक्ट्रेस मेधा राणा की जोड़ी देखने को मिलेगी. मेधा फिल्म में अहान शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मेधा राणा के कामकाज की बात करें तो वह इससे पहले फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आई थीं। उनकी जोड़ी तब वरुण धवन के साथ बनी थी। अब 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मेधा को उनकी नई फिल्म मिल गई है। सनकी एक ऐसी कहानी है जिसकी कहानी सुनते ही उन्होंने इसे हां कर दिया। मेधा पिछले दो महीनों से इस फिल्म के लिए लगातार तैयारी कर रही हैं। अपने किरदार को बेहतर तरीके से समझने और उसमें पूरी तरह ढलने के लिए उन्होंने कई वर्कशॉप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, किरदार की मांग के मुताबिक उन्होंने खास तैयारी भी की है। फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो चुकी है और अब मेधा भी अहान शेट्टी और फिल्म की बाकी टीम के साथ शूटिंग में शामिल हो गई हैं। फिल्म में मेधा, अहान की प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। उनका यह किरदार रोमांस, गहरे जज्बात और जबरदस्त एक्शन से भरपूर होगा। मेधा हमेशा से ऐसे ही किरदार की तलाश में थीं, जिसमें उन्हें अभिनय के साथ-साथ एक्शन दिखाने का भी मौका मिले।



अनजान लड़की पर इम्प्रेशन बना रहे थे रयान

लॉस एंजिल्स। सुपरहीरो फिल्म डेडपूल स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने अपनी लाइफ से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। हालांकि, इस घटना की वजह से उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी। रयान ने किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मैं इस लड़की का दीवाना था। वह असल में मेरे घर के दूसरी तरफ से बस लेती थी, और मैं बस में चढ़ जाता था, सिर्फ उसके करीब 45 मिनट तक बैठने के लिए। आप इसे पसंद करते हैं, जब आप छोटे होते हैं, यह बहुत क्यूट लगता है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो यह बस पीछा करने जैसा होता है, लेकिन मुझे याद है, मैं शायद 11 साल से ज्यादा का रहा होऊंगा, मुझे नहीं पता और मैं बस से उतरने ही वाला था, क्योंकि काफी देर हो गई थी। मैं रिसेप्शन या ऐसी ही किसी जगह पर जाने वाला था।'



रोमांटिक फिल्म परवाना में नजर आएंगे आदित्य-तारा

नई दिल्ली। तारा सुतारिया और आदित्य रॉय कपूर, मिलाप जावेरी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये दोनों 'परवाना' नाम की एक दमदार म्यूजिकल लव स्टोरी में पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। 'परवाना' के जरिए तारा सुतारिया और मिलाप जावेरी 2019 की फिल्म 'मरजावां' के बाद फिर से साथ आ रहे हैं, वहीं, इस फिल्म में तारा सुतारिया पहली बार आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मिलाप ने बताया कि 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के डायरेक्टर संजय गुप्ता के दुखद निधन से कुछ दिन पहले ही उनकी उनसे मुलाकात हुई थी। उन्होंने संजय गुप्ता के साथ अपनी नई फिल्म का टाइटल भी शेयर किया था। मिलाप ने कहा, 'हमारी मुलाकात 10 दिन पहले हुई थी और मैंने उन्हें अपनी अगली फिल्म का टाइटल बताया था।



बारिश में रोमांस करते दिखे आयुष्मान और शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' रिलीज से पहले ही चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने इसका नया गाना 'सावन आया है' रिलीज कर दिया है, जो अपने म्यूजिक और रोमांटिक अंदाज से सीधे 90 के दशक की याद दिलाता है। गाने में आयुष्मान और शरवरी की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक और हिमेश रेशमिया का कंपोज किया हुआ एक अन्य गाना रिलीज किया जा चुका है। 'सावन आया है' गाने में आयुष्मान खुराना शरवरी को अपनी सुरीली आवाज से प्रभावित करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं, शरवरी साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। गाने के कई हिस्सों में दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए नजर आते हैं। बारिश के बीच उनका डांस और रोमांटिक अंदाज गाने को एक अलग खूबसूरती देता है।

टीवी मसाला



38 साल पहले 'रिटायर्ड फौजी' ने बनाया था दूरदर्शन का कल्ट शो

नई दिल्ली। दूरदर्शन एक वक्त देशभर में मनोरंजन का प्रमुख साधन माना जाता था। डीडी नेशनल पर हर किस्म के टीवी शोज टेलीकास्ट किए जाते थे, जिनमें माइथोलॉजिकल, सुपरहीरो, ड्रामा-कॉमेडी और स्पाई थ्रिलर जैसे कई शोज शामिल थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 38 साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा धारावाहिक आया था, जिसको भारतीय सेना के एक रिटायर्ड फौजी ने बनाया था। उस शो ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया था। इतना ही नहीं, सिनेमा जगत के एक बड़े फिल्मी कलाकार ने इस टीवी सीरियल से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस लेख में टीवी चैनल दूरदर्शन के जिस लोकप्रिय धारावाहिक के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उसका निर्देशन इंडियन आर्मी के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर ने किया था। राज कुमार ने अपनी सर्विस लाइफ और एक फौजी की जीवनशैली कैसी होती है, उसको टीवी सीरियल के जरिए पेश किया था। दरअसल यहां बात धारावाहिक फौजी के बारे में की जा रही है।

पहली शादी टूटने के बाद फिर प्यार में रिमी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर और टीवी होस्ट रिमी टॉमी की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। पहली शादी टूटने के करीब छह साल बाद रिमी दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। खास बात यह है कि इस खुशखबरी का खुलासा खुद सिंगर ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए व्लॉग के जरिए किया है। पहले वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी में नए जीवनसाथी के आने की जानकारी दी थी, वहीं अब एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने होने वाले पति का नाम और उनके बारे में भी बताया है। रिमी के इस ऐलान के बाद उनके फैंस उन्हें नई शुरुआत के लिए बधाइयां दे रहे हैं। रिमी टॉमी ने अपने व्लॉग में बताया कि वह हमेशा से अकेले घूमना और अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती रही हैं। उनका परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे साथी की कमी महसूस होती थी, जिसके साथ वह अपनी जिंदगी के सुख-दुख बांट सकें। सिंगर ने बताया कि 2026 में उनकी जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे।



मायसा का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज, रश्मिका के रौद्र रूप ने जीता दिल

मुंबई। रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मायसा' का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज हो गया है। इस गाने में उनके किरदार का रौद्र रूप देखने को मिलता है, जिसमें गुस्सा, साहस और नारीत्व की झलक एक साथ देखने को मिलती है। रश्मिका स्टारर 'मायसा' में एक्ट्रेस बिल्कुल नए और अनदेखे अवतार में नजर आएंगी। यह फिल्म भारत का पहला फीमेल-लेड पैन इंडिया सिनेमैटिक वेंचर होने वाली है। यह फिल्म जबरदस्त एक्शन के साथ बाप बेटी के अनोखे रिश्ते के साथ दर्शकों को कहानी से बांधे रखेगी, जो सिनेमाघरों में 27 नवंबर को रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'ओ मायसा रे!! एक युद्ध-



घोष! दर्द और गुस्से की एक चीख! एक जागृति!! अब यह सब आपका है!' 'ओ मायसा रे' को जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है और इसे सिंधुजा श्रीनिवासन ने गाया है। इस गाने में दमदार बीट्स का इस्तेमाल किया गया है और पूरे समय इसका टेम्पो और एनर्जी बनी रहती है। 'मायसा' के पहले गाने के रिलीज होने के बाद से एक्ट्रेस का लुक हर तरफ जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म के ही में रिलीज हुए टीजर को देश भर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक से फिल्म ने अपनी रॉ एनर्जी, ग्रैंड स्केल और इंटेंस एटमॉस्फियर के लिए खूब तारीफ अपने नाम की है। सबसे ज्यादा खास बात यह है कि इस चीज ने मायसा को एक अनोखे सिनेमैटिक कहानी में स्थापित कर दिया है। भारतीय सिनेमा में 'बाहुबली' और 'KGF' जैसी कई मास एक्शन फिल्मों में मां और बेटे के मजबूत रिश्ते को दिखाया गया है। हालांकि, 'मायसा' इस मामले में अलग है, क्योंकि फिल्म के मेकर्स इसमें एक नया और गहरा भावनात्मक पहलू पेश करने वाले हैं। दरअसल, फिल्म में आदिवासी भूमि की पृष्ठभूमि पर बाप और बेटी के बीच की मजबूत जोड़ी देखने मिलने वाली है।

रामायण के नए प्रोमो में 'माता सीता' के रूप में दिखीं साई

नई दिल्ली। 'रामायण' से साई पल्लवी के 'सीता' प्रोमो को ऑनलाइन काफी तारीफ मिल रही है। 5 नवंबर को फिल्म की रिलीज से पहले, प्रशंसक उनके शालीन, शांत स्वभाव और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी की खूब सराहना कर रहे हैं। 'रामायण' के नए प्रोमो में साई पल्लवी को सीता के रूप में दिखाया गया है, जिन्हें 'धरती की बेटी' और मिथिला की राजकुमारी भी कहा जाता है। नए प्रोमो में माता सीता के राजसी जीवन, भगवान राम के साथ उनके रिश्ते और फिर श्रीराम के साथ उनके वनवास की झलक देखने को मिलती है। प्रोमो के अंत में मां सीता को अपनी कुटिया में बैठे हुए दिखाया गया है और तभी जंगल में उनकी कुटिया के बाहर से एक आवाज आती है।



रवि को लक्ष्मण के रूप में किया गया पेश

साई पल्लवी के प्रोमो के साथ-साथ, मेकर्स ने रवि दुबे का एक सोलो कैरेक्टर पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें वे लक्ष्मण के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता एक योद्धा की मुद्रा में धनुष-बाण थामे हुए हैं। उनके हाव-भाव में भगवान राम के छोटे भाई से जुड़ी वीरता और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा है। इस पोस्टर का विजुअल स्टाइल, भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर के पहले जारी किए गए कैरेक्टर पोस्टर जैसा ही है। मेकर्स ने रवि को इन शब्दों के साथ पेश किया, 'एक समर्पित भाई। एक निडर योद्धा। राम की ढाल।'

गीता और रफी की आवाज में हुआ अमर

22 साल की मधुबाला के दिलकश अंदाज ने दिया था सुपरहिट सॉन्ग

नई दिल्ली। 22 साल की मधुबाला की मासूम अदाएं और गुरु दत्त के साथ उनकी कमाल की केमिस्ट्री ने इस गाने को अमर बना दिया। गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज में सजा यह गीत 71 साल बाद भी रोमांस का वही जादू बिखेरता है। हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर में कुछ गाने ऐसे बने, जिनका जादू आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है'। साल 1955 में आई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' के इस गाने में मधुबाला और गुरु दत्त की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिली थी। उस वक्त मधुबाला महज 22 साल की थीं। उनकी चुलबुली अदाएं, चेहरे की मासूमियत और दिलकश अंदाज गाने को खास बना देते हैं। वहीं, गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज ने इसे ऐसा रोमांटिक एहसास दिया, जो सात दशक बाद भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।



मधुबाला-गुरु दत्त की जोड़ी ने जीता था दिल

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' का निर्देशन और निर्माण गुरु दत्त ने किया था। इसमें मधुबाला ने अनीता वर्मा और गुरु दत्त ने प्रीतम कुमार का किरदार निभाया था। इनके अलावा ललिता पवार, जॉनी वॉकर, कुमकुम और यास्मीन भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी अनीता नाम की एक अमीर लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। उसके पिता की वसीयत के मुताबिक, उसे अपनी संपत्ति हासिल करने के लिए एक महीने के भीतर शादी करनी होती है। उसकी मौसी सीता देवी (ललिता पवार) इस शर्त को पूरा करने के लिए प्रीतम नाम के एक बेरोजगार कार्टूनिस्ट को शादी का प्रस्ताव देती हैं। उनकी योजना शादी के बाद दोनों का तलाक कराने की होती है। लेकिन, कहानी में तब दिलचस्प मोड़ आता है, जब अनीता और प्रीतम एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं।

ओपी नैयर के संगीत ने लगाया चार चांद

इस फिल्म के गानों की बात करें तो संगीतकार ओपी नैयर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी की जोड़ी ने शानदार काम किया था। 'उधर तुम हसीन हो' को गीता दत्त और मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। गाने के बोलों में प्यार और रोमांस का खूबसूरत एहसास है। पर्दे पर मधुबाला और गुरु दत्त की अदायगी ने इस गीत को और यादगार बना दिया. फिल्म में 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी', 'ठंडी हवा काली घटा' और 'प्रीतम आन मिलो' जैसे गाने भी शामिल थे। इन गानों ने फिल्म के संगीत को खास पहचान दिलाई।

बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी फिल्म

11 फरवरी 1955 को रिलीज हुई 'मिस्टर एंड मिसेज 55' दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता हासिल की और मधुबाला के करियर की यादगार फिल्मों में अपनी जगह बनाई। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट के रिकॉर्ड में भी यह फिल्म दर्ज है। दिलचस्प बात यह है कि आज भी जब इस फिल्म का गाना 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है' बजता है, तो मधुबाला की खूबसूरती और रफी-गीता दत्त की आवाज का जादू एक बार फिर पुराने दौर की याद दिला देता है। यही वजह है कि 71 साल बाद भी यह गीत संगीत प्रेमियों के बीच अपनी खास जगह बनाए हुए है।

रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



आज से भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा : गिल

गिल ने कहा, 'अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।' दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी है और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिपः भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप



कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा। एएफसी ने 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का फैसला किया है लेकिन इसे अभी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मंजूरी मिलनी बाकी है।

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए।
पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, 'यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

आईसीसी रैंकिंग

वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



एजेंसी ▸▸ दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

महिला टी20

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▸▸ पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▸▸ सिडनी



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सी मि त ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि युवा खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव का सामना करने का मौका मिले।'

कनकशन के कारण कॉनवे पहले वनडे से बाहर, सीफर्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड



न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ी मैट हेनरी से टकराने से सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को बताया कि टिम सीफर्ट उनकी जगह लेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल ले जाने के बाद 'कनकशन' का पता चला, जिसके कारण वह श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, 'कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग (ए एंड ई) में ले जाया गया, जहां 'कलकशन' की पुष्टि हुई। इस कारण वह कल भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे।''

यह टक्कर तब हुई जब दोनों खिलाड़ी श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान हवा में लहराते कैच को लेने की कोशिश कर रहे थे। सैंटनर ने पुष्टि की कि हेनरी ठीक हैं। उन्होंने मैच की कहा, 'मुझे लगता है मैट को सिर में चोट लगी थी। वह ठीक लग रहा है, लेकिन डेव (कॉनवे) को तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया है। वास्तव में वह टक्कर अच्छी नहीं लग रही थी।'

एथलीट सुधा सिंह हटीं चुनावी दौड़ से

आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे।

निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।



आईओए एथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य

पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बायला देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

आईएसएसएफ एथलीट समिति का चुनाव लड़ेगी मनु भाकर

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 2026-2030 के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) एथलीट समिति का चुनाव लड़ेंगी, जिन्हें पिस्टल वर्ग में नामित किया गया है। भाकर उन दस उम्मीदवारों में से हैं, जो पिस्टल श्रेणी में दो पदों के लिए दौड़ में होंगे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बचाना और ओलंपिक कार्यक्रम में इसके दीर्घकालिक भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर इनामी राशि के लिए जोर देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भाकर ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर खेलने के बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियों और मौकों दोनों का अनुभव है। मेरा मानना है कि खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के अलावा भविष्य को गढ़ने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।'

भारतीय नौसेना का समुद्र में दिखा शौर्य

समुद्री लुटेरों के चंगुल से 20 ईरानियों को बचाया, तेहरान बोला- शुक्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी कमांडो उतारे
- 48 घंटे तक चले अभियान में कोई हताहत नहीं

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर दूर सोमालिया के तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में पहुंचे ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को मुक्त करा लिया है। इस अभियान में जहाज पर सवार सभी 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। भारत की इस कार्रवाई के बाद ईरान ने आभार जताते हुए भारतीय नौसेना और वायुसेना के साहस, पेशेवर रवैये और आपसी तालमेल की सराहना की है।



भारतीय नौसेना के कब्जे में 'अजिनी' जहाज और समुद्री लुटेरे

सोमालिया के तट के पास किया था कब्जा

जानकारी के मुताबिक, मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को पिछले महीने सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अगवा कर लिया था। यह घटना सोमालिया के तटीय इलाकों बंदर बायला और हाफुन के बीच हुई थी। समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को आशंका थी कि लुटेरे इस जहाज का इस्तेमाल बड़े व्यापारिक जहाजों पर हमले करने के लिए अपने अस्थायी ठिकाने यानी 'मदर शिप' के तौर पर कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए समुद्री क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई थी।

आईएनएस कोलकाता ने संभाला मोर्चा

भारतीय नौसेना ने जहाज को मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू किया। इसके तहत मिशन पर तैनात युद्धपोत आईएनएस कोलकाता को कार्रवाई के लिए भेजा गया। समुद्री निगरानी विमान और अन्य निगरानी संसाधनों की मदद से जहाज की लगातार तलाश की गई। उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए गए। इसके बाद भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान से नौसेना के मरीन कमांडो को सटीक तरीके से जहाज तक पहुंचाया गया। कमांडो ने कार्रवाई करते हुए जहाज को अपने नियंत्रण में लिया और समुद्री लुटेरों के खतरे को खत्म कर दिया।



समुद्री लुटेरों से जब्त हथियार

ईरान ने कहा- यह दोस्ती और सहयोग का प्रतीक

नई दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत सरकार, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि उन्होंने मछली पकड़ने वाले जहाज 'अजिनी' के 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक सफल अभियान चलाया। हम भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पेशेवर रवैये, साहस और बेहतरीन तालमेल की भरपूर सराहना करते हैं। यह मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और यह भी दिखाता है कि भारत सीमाओं के पार लोगों की जान बचाने में कितनी अहम भूमिका निभाता है। यह मानवीय अभियान ईरान और भारत के बीच दोस्ती, एकजुटता और सहयोग की भावना का एक बड़ा उदाहरण है। हम उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने ईरानी चालक दल को सुरक्षित बचाने में अपना योगदान दिया।



नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास

रक्षा मंत्री ने दी बधाई

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को बधाई दी है। नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूर, समुद्री लुटेरों के कब्जे वाली मछली पकड़ने वाली नाव 'अजिनी' के सभी 20 चालक दल के सदस्यों को 48 घंटे चले एक समन्वित अभियान में सफलतापूर्वक बचा लिया।

खबर संक्षेप


पीएम मोदी के सम्मान में भूटान में पवित्र स्तूप

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष सम्मान के प्रतीक के रूप में गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में एक पवित्र स्तूप समर्पित किए जाने को अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया। रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना को लगातार समर्थन दिया है और इसी सम्मान में उनके नाम पर स्तूप समर्पित किया गया है।




भारत-यूएस के बीच टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास शुरू

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवें द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2026' की शुरुआत हो गई है। इसका उद्घाटन समारोह 2 नवंबर को विशाखापत्तनम स्थित मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आयोजित किया गया। इस वर्ष यह अभ्यास टेबलटॉप एक्ससरसाइज के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान दोनों देशों के बीच समन्वय स्थापित करना है।



यूरोप में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

रोम। यूरोप में अलग-अलग देशों में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन धमकियों के बाद इटली ने दो विमानों को सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए अपनी एयरफोर्स के विमान भेजे, जबकि पोलैंड में एक एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। स्पेन में भी एक विमान की तलाशी ली गई। जांच के बाद सभी धमकियां झूठी निकलीं। किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला और न ही किसी की जान गई।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का खुलासा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान 23 भारतीयों की मौत, इनमें 15 नाविक



नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त दो हेलिकॉप्टर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- *यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भारतीयों को सचेत रहने की सलाह*

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान भारत के 23 नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक थे। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। दो भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। नेपाल में दो हेलिकॉप्टरों के आपस में टकराने के मामले पर रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस घटना की खबरें और कुछ तस्वीरें भी देखी हैं। इसमें दो हेलिकॉप्टर शामिल थे। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। हमारे दूतावास ने इसकी पुष्टि की है और शोक जताया है। हम जल्द से जल्द शव को भारत वापस लाने की कोशिश करेंगे। बता दें, नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ।

छात्रों का शोषण रोकने जारी की एडवाइजरी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान मामले पर कहा कि ताशकंद में हमारे दूतावास और नेशनल मेडिकल कमीशन ने छात्रों के लिए कुछ दिशा-निर्देश या एडवाइजरी जारी की है। ये उन छात्रों के लिए है जो उज्बेकिस्तान या अन्य जगहों पर पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे रही है कि उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों को, जो वहां मेडिकल या अन्य पढ़ाई करने जा रहे हैं, अच्छी गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा मिले। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि मेडिकल या अन्य पढ़ाई के लिए उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों का कोई शोषण न हो।

रूस-यूक्रेन के बीच शांति के दिए सुझाव

जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले कई महीनों के दौरान भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। दोनों विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की है और इस बार भी अटलांटा में उनकी बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े यूक्रेन के हालात, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय महत्व के कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जहां तक शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका या विचारों का सवाल है, हमने अपने सुझाव यूक्रेन और रूस, दोनों पक्षों के साथ साझा किए हैं। आपने राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियां भी देखी हैं और यूक्रेन के विदेश मंत्री की प्रतिक्रियाएं भी सुनी हैं।

यूरोप में सावधान रहें भारतीय

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति पर बात करते हुए एमईए प्रवक्ता ने कहा कि हमारे दूतावासों ने फ्रांस और इटली में सलाह जारी की है। बेल्जियम के बारे में मुझे अभी पूरी तरह से जानकारी नहीं है। हमने वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों को सलाह दी है कि वे हमारी एडवाइजरी और स्थानीय सरकारों की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा

जायसवाल ने बताया कि जी20 बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें से एक बैठक रूस के विदेश मंत्री के साथ थी। इस बैठक में भी रूस में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा की गई। जहां तक उन भारतीय नागरिकों की रिहाई का सवाल है जो अभी भी रूसी पक्ष के पास हैं, तो यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे हम रूसी पक्ष के साथ अलग-अलग स्तरों पर लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस में नौकरी करने जाने वाले भारतीयों को भी इस बारे में सचेत रहना चाहिए कि वे नियोक्ता के बारे में अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

होर्मुज में भारतीय जहाज पर हमला

14 भारतीय नाविक सवार थे, 1 की मौत, भारत ने जताया दुख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एआई इमेज

होर्मुज स्ट्रेट में 2 नवंबर को एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ। इसमें गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई। जहाज पर सवार बाकी 13 भारतीयों को ओमान के तटीय सुरक्षा दलों ने सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गांधार नाहीम अजीज के रूप में हुई है।

जहाज का नाम एमएसवी अल जुसुफी है। हमला कैसे हुआ और किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही और कारोबार बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसी (यूकेएमटीओ) के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हुए।

विदेश मंत्रालय ने संवेदना व्यक्त की

भारत ने ओमान के समुद्री क्षेत्र में कमर्शियल शिप 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान जारी कर 14 में से एक भारतीय नाविक के मारे जाने पर दुख जताया। मंत्रालय ने कहा कि हम सोमवार शाम लिमाह (ओमान) के पास एक व्यावसायिक जहाज, 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 14 भारतीय नागरिकों में से 13 को बचा लिया गया है, जबकि एक घायल भारतीय नागरिक की मृत्यु हो गई है। हम इस नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

सभी नागरिकों को लाने का प्रयास कर रहे

जायसवाल ने कहा कि उस जहाज पर भारतीय चालक दल के 14 सदस्य थे। दुर्भाग्य से उनमें से एक की मौत हो गई है। अब हम वहां मौजूद 13 भारतीय नागरिकों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहे हैं। हम इस पर भी काम कर रहे हैं कि भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत वापस कैसे लाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हम ओमान के अधिकारियों को उनकी तत्काल कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्रों में कमर्शियल शिप और बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने का भारत विरोध करता रहा है। इस तरह के हमले बंद किए जाने चाहिए।

नवंबर में एक ऐतिहासिक युग का समापन

साउथ ब्लॉक से हटकर शौर्य भवन बनेगा सेनाप्रमुख का नया कार्यालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सेंट्रल विस्टा परियोजना के जरिए राष्ट्रीय राजधानी में जारी निर्माण कार्य के बीच रायसीना हिल्स इलाके में मौजूद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के तहत आने वाले एक प्रमुख मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय का कार्यालय अब साउथ ब्लॉक से औपचारिक रूप से खाली होने जा रहा है। पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल सुब्रमणि और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय मौजूदा साल के अप्रैल महीने में कर्तव्य भवन-2 में शिफ्ट हो चुके हैं। अब इसी नवंबर महीने के अंत में सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उप-सेना प्रमुख और उनके सभी सातों प्रमुख स्टाफ अधिकारी भी साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय को छोड़कर दिल्ली कैंट स्थित नवनिर्मित शौर्य भवन से अपना कामकाज करते हुए नजर आएंगे। जबकि नौसेना प्रमुख स्वामीनाथन मौजूद नौसेना भवन या सेना भवन जा सकते हैं।

मॉस्को नहीं चाहता तनाव कम करना

दक्षिणी यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 29 लोगों की मौत, 20 लापता

एजेंसी ▶▶ कीव



बचाव अभियान में जुटे यूक्रेनी सैनिक

दक्षिणी यूक्रेन में मानवीय सहायता केंद्र और एक आश्रय स्थल पर सोमवार को रूस की ओर से किए गए हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। अब भी करीब 20 लोग लापता हैं ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर कहा कि रूसी हमले में सबसे पहले मानवीय सहायता सामग्री वितरित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक स्कूल की इमारत को निशाना बनाया गया और इसके बाद पास स्थित एक आश्रय स्थल पर भी हमला किया गया। यह इस बात सबूत है कि रूस तनाव कम करना नहीं चाहता। दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र के कोमिशुवाखा गांव में ये हमले ऐसे समय हुए, जब सोमवार को देश के एक अन्य दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में स्थानीय स्तर पर लागू युद्धविराम समाप्त हो गया। इस समझौते के तहत रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित निकालने की अनुमति दी गई थी।

दिल्ली रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

बाहरी निर्भरताओं की वजह से कभी बाधित नहीं हो देश की रक्षा जरूरतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तकनीकी संप्रभुता हासिल करना ही आत्मनिर्भरता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

युद्ध के स्वरूप और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में कहा कि हमें रक्षा उपकरणों, महत्वपूर्ण हथियारों के देश के भीतर डिजाइन के साथ-साथ निर्माण को भी हर हाल में चाक-चौबंद बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि बाहरी निर्भरताओं के चलते भारत की रक्षा जरूरतें किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होनी चाहिए।

मानेकशॉ केंद्र में रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान द्वारा आयोजित किए गए तीसरे दिल्ली रक्षा संवाद में उन्होंने आत्मनिर्भरता का अर्थ समझाते हुए कहा कि इसे तकनीकी संप्रभुता हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि इसकी मदद से ही हम ये सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत की सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता किसी भी प्रकार से रुकावट या बाधा उत्पन्न न करे। लेकिन हकीकत में इसे तभी प्राप्त किया जा सकता है। जब देश के पास किसी रक्षा प्लेटफार्म के मामले में 360 डिग्री ज्ञान मौजूद हो।

रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में देश का कुल रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ हो गया है। इसमें सैन्य उपकरणों के आधुनिकीकरण और खरीद के लिए 2 लाख 19 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। 2029 तक 3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन और इसी समयावधि में 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प है।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन के लिए वोटिंग शुरू

8 राज्यों के पोलिंग बूथ खुले, निचले सदन की 435 और उच्च सदन की 35 सीटों पर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहले 8 राज्यों में पोलिंग बूथ खुले। इनमें कनेक्टिकट, इंडियाना, केंटकी, मेन, न्यू हैम्पशायर, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया शामिल हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के ठीक दो साल बाद मिडटर्म चुनाव कराए जाते हैं। इसमें संसद की सीटों और कुछ राज्यों में गवर्नर के पदों के लिए मतदान होता है। फिलहाल ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। अगर पार्टी इनमें से किसी एक सदन में भी बहुमत खो देती है, तो ट्रंप के लिए कानून पास कराना मुश्किल हो जाएगा।

नासा के 3 एस्ट्रोनॉट्स ने स्पेस से डाला वोट



वोट डालने जाते अनिल मेनन

5.7 करोड़ लोग पहले ही वोट कर चुके

मतदान शुरू होने से पहले ही 5.76 करोड़ लोग अर्ली वोटिंग के जरिए वोट डाल चुके हैं। वहीं ट्रंप ने कहा कि अगर हम नहीं जीते, तो मैं हर चीज को वीटो कर दूंगा।

नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और उनके दो साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में वोट डाला। ये तीनों पृथ्वी से 400 किमी से ज्यादा की ऊंचाई पर मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्होंने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मतदान किया और अपना वोट सुरक्षित तरीके से पृथ्वी पर चुनाव अधिकारियों तक पहुंचाया।

मतदान से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने 2 यूएस ड्रोन मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केश्म द्वीप और होर्मुज के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान होने से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। कुछ दूर पर बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर है। ईरानी मीडिया ने अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 जासूसी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी एमक्यूपी-170 जासूसी ड्रोन को मार गिराने का वीडियो जारी किया है। सरकारी चैनल आईआरआईबी ने फुटेज जारी किया है।

ईरान का 4 अमेरिकी ड्रोन पकड़ने का दावा



केश्म द्वीप पर हमले के बाद आग

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक आईआरजीसी की नौसेना ने केश्म द्वीप के ऊपर और होर्मुज के दक्षिण में दो अमेरिकी ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की मदद से अपने नियंत्रण में लिया। ईरानी पक्ष का दावा है कि इन ड्रोन को मार गिराने के बजाय सुरक्षित उतारा गया। इसके साथ ही ईरान के कब्जे में आए ऐसे अमेरिकी ड्रोन की संख्या चार हो गई है।

गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमला किया

अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना ने हाल के सप्ताहों में ईरान के केश्म द्वीप पर गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमले उन सीमित सैन्य अभियानों का हिस्सा थे, जिन्हें वॉशिंगटन ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान गुप्त रूप से अंजाम दिया। खास बात यह है कि ये कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ संभावित कूटनीतिक समझौते की बात कर रहे थे।

कूटनीतिक समझौते के भी संकेत

ट्रंप प्रशासन की ओर से कूटनीतिक समझौते की संभावनाओं के संकेत भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य अभियान और दूसरी तरफ बातचीत की उम्मीद दोनों देशों के बीच जारी तनाव की जटिल तस्वीर पेश करते हैं। केश्म द्वीप फारस की खाड़ी में ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित है और होर्मुज के बेहद करीब होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415